S.O./STENO DEPTTL. (EXAM)-2014

**DO NOT OPEN THIS TEST BOOKLET UNTIL YOU ARE TOLD TO DO SO**

**T.B.C. : B–UQ/RV–N–A** **Test Booklet Series**

**Serial No.** 0757

# TEST BOOKLET

**A**

## Paper—I

**Time Allowed : Two Hours** **Maximum Marks : 150**

### INSTRUCTIONS

1. IMMEDIATELY AFTER THE COMMENCEMENT OF THE EXAMINATION, YOU SHOULD CHECK THAT THIS TEST BOOKLET *DOES NOT* HAVE ANY UNPRINTED OR TORN OR MISSING PAGES OR ITEMS, ETC. IF SO, GET IT REPLACED BY A COMPLETE TEST BOOKLET.
2. **Please note that it is the candidate's responsibility to encode and fill in the Roll Number and Test Booklet Series A, B, C or D carefully and without any omission or discrepancy at the appropriate places in the OMR Answer Sheet. Any omission/ discrepancy will render the Answer Sheet liable for rejection.**
3. You have to enter your Roll Number on the Test Booklet in the Box provided alongside. *DO NOT* write *anything else* on the Test Booklet.
4. This Test Booklet contains 120 items (questions). Each item is printed both in **Hindi** and **English**. Each item comprises four responses (answers). You will select the response which you want to mark on the Answer Sheet. In case you feel that there is more than one correct response, mark the response which you consider the best. In any case, choose *ONLY ONE* response for each item.
5. You have to mark all your responses *ONLY* on the separate Answer Sheet provided. See directions in the Answer Sheet.
6. All items carry equal marks.
7. Before you proceed to mark in the Answer Sheet the response to various items in the Test Booklet, you have to fill in some particulars in the Answer Sheet as per instructions sent to you with your Admission Certificate.
8. After you have completed filling in all your responses on the Answer Sheet and the examination has concluded, you should hand over to the Invigilator *only the Answer Sheet*. You are permitted to take away with you the Test Booklet.
9. Sheets for rough work are appended in the Test Booklet at the end.
10. **Penalty for wrong answers :**
THERE WILL BE PENALTY FOR WRONG ANSWERS MARKED BY A CANDIDATE IN THE OBJECTIVE TYPE QUESTION PAPERS.
    (i) There are four alternatives for the answer to every question. For each question for which a wrong answer has been given by the candidate, **one-third** of the marks assigned to that question will be deducted as penalty.
    (ii) If a candidate gives more than one answer, it will be treated as a **wrong answer** even if one of the given answers happens to be correct and there will be same penalty as above to that question.
    (iii) If a question is left **blank**, i.e., no answer is given by the candidate, there will be **no penalty** for that question.

**DO NOT OPEN THIS TEST BOOKLET UNTIL YOU ARE TOLD TO DO SO**

ध्यान दें : अनुदेशों का हिन्दी रूपान्तर इस पुस्तिका के पिछले पृष्ठ पर छपा है।

1. A branch of which among the following Indian banks has been doing business in Sri Lanka for the last 150 years?

   *(a)* Vijaya Bank

   *(b)* State Bank of India

   *(c)* Dena Bank

   *(d)* Canara Bank

2. Which one of the following statements is **not** correct?

   *(a)* A Ministry must always be headed by a Cabinet Minister

   *(b)* A Minister of State can hold independent charge of a Ministry

   *(c)* There can be more than one Department in a Ministry

   *(d)* There could be two Ministers of State in the same Ministry

3. Annual GDP growth of sub-5 percent for four successive years was witnessed in the

   *(a)* mid-1980s

   *(b)* mid-1990s

   *(c)* mid-2000s

   *(d)* mid-1980s and mid-1990s

4. Consider the following statements about Panchayat System in India :

   1. Part IX of the Constitution of India envisages a three-tier system of Panchayats.
   2. Seats in Panchayats shall be reserved for the Scheduled Castes, Scheduled Tribes and Other Backward Classes.

   Which of the statements given above is/are correct?

   *(a)* 1 only

   *(b)* 2 only

   *(c)* Both 1 and 2

   *(d)* Neither 1 nor 2

5. Which of the following statements with regard to the Parliament of India is/are correct?

   1. The Comptroller and Auditor General of India can take part in the proceedings and cast vote in the Lok Sabha or the Rajya Sabha.
   2. The Attorney General of India shall have the right to speak in, and otherwise take part in the proceedings of either House.
   3. The Solicitor General shall have the right to speak in, and take part in the proceedings of either House or any joint sitting of the Houses.

   Select the correct answer using the code given below.

   *(a)* 1, 2 and 3

   *(b)* 2 only

   *(c)* 2 and 3 only

   *(d)* 1 and 3 only

1. निम्नलिखित भारतीय बैंकों में से कौन-सी एक बैंक की शाखा श्रीलंका में पिछले 150 वर्षों से कारबार कर रही है?

*(a)* विजया बैंक

*(b)* भारतीय स्टेट बैंक

*(c)* देना बैंक

*(d)* केनरा बैंक

2. निम्नलिखित में से कौन-सा एक कथन सही नहीं है?

*(a)* किसी मंत्रालय का प्रधान सदैव कैबिनेट मंत्री ही होना चाहिए

*(b)* राज्य मंत्री किसी मंत्रालय का स्वतंत्र प्रभार धारण कर सकता है

*(c)* किसी भी मंत्रालय में एक से अधिक विभाग हो सकते हैं

*(d)* एक ही मंत्रालय में दो राज्य मंत्री हो सकते हैं

3. चार उत्तरोत्तर वर्षों के लिए 5 प्रतिशत से नीचे की वार्षिक GDP वृद्धि किस दौरान देखी गई?

*(a)* 1980 के दशक का मध्य

*(b)* 1990 के दशक का मध्य

*(c)* 2000 के दशक का मध्य

*(d)* 1980 के दशक का मध्य और 1990 के दशक का मध्य

4. भारत में पंचायत प्रणाली के सम्बन्ध में निम्नलिखित कथनों पर विचार कीजिए :

1. भारत के संविधान के भाग IX में त्रि-स्तरीय पंचायत प्रणाली की परिकल्पना है।
2. पंचायतों में अनुसूचित जाति, अनुसूचित जनजाति और अन्य पिछड़े वर्गों के लिए सीटें आरक्षित की जाएंगी।

उपर्युक्त में से कौन-सा/से कथन सही है/हैं?

*(a)* केवल 1

*(b)* केवल 2

*(c)* 1 और 2 दोनों

*(d)* न तो 1 और न ही 2

5. निम्नलिखित में से भारत की संसद के सम्बन्ध में कौन-सा/से कथन सही है/हैं?

1. भारत का नियंत्रक-महालेखा परीक्षक लोक सभा या राज्य सभा की कार्यवाही में भाग ले सकता है और मतदान कर सकता है।
2. भारत के महान्यायवादी को किसी भी सदन में बोलने और अन्य कार्यवाही में भाग लेने का अधिकार होगा।
3. महा-सॉलिसिटर को किसी भी सदन या दोनों सदनों की किसी संयुक्त बैठक में बोलने और कार्यवाही में भाग लेने का अधिकार होगा।

नीचे दिए गए कूट का प्रयोग कर सही उत्तर चुनिए।

*(a)* 1, 2 और 3

*(b)* केवल 2

*(c)* केवल 2 और 3

*(d)* केवल 1 और 3

6. The executive powers of the Union formally vest in the

*(a)* President of India

*(b)* Prime Minister of India

*(c)* Union Cabinet

*(d)* Union Council of Ministers

7. Continuance of slow down of Indian economy with sub-5 percent growth rate for past two years despite continued fixed capital formation beyond 30 percent of GDP shows the presence of

*(a)* cyclical factors originating in world economy

*(b)* structural constraints in domestic supply

*(c)* Both *(a)* and *(b)*

*(d)* conflict in oil-exporting countries

8. Two major saving sectors, in ascending order, in India are

*(a)* public and private corporate

*(b)* public and household

*(c)* private corporate and household

*(d)* household and public

9. With regard to the administration of Scheduled Areas under Article 244 of the Constitution of India, which one of the following statements is **not** correct?

*(a)* States of Tripura and Meghalaya are excluded

*(b)* The Scheduled Areas are administered by an Advisory Council

*(c)* The Governor of the State may direct that a particular Act of the Parliament shall not apply to a Scheduled Area

*(d)* The Governor can increase the area of any Scheduled Area

10. Consider the following statements about Panchayati Raj Institutions in India :

1. Courts shall have no jurisdiction to examine the validity of a law, relating to delimitation of constituencies or the allotments of seats, made under Article 243K.
2. Every five years the Governor of a State shall appoint a Finance Commission to review the financial position of the Panchayats and to make recommendations.
3. The report of the State Finance Commission, together with a memorandum of action taken on it, shall be laid before the Parliament.

Which of the statements given above is/are correct?

*(a)* 1, 2 and 3

*(b)* 1 and 2 only

*(c)* 2 and 3 only

*(d)* 1 only

6. संघ की कार्यकारिणी शक्तियाँ औपचारिक तौर पर किसमें निहित हैं?

(a) भारत का राष्ट्रपति

(b) भारत का प्रधानमंत्री

(c) संघ का मंत्रिमंडल

(d) संघ की मंत्रिपरिषद्

7. GDP के 30 प्रतिशत से ऊपर स्थिर पूँजी निर्माण जारी रहने के बावजूद, विगत दो वर्षों के लिए 5 प्रतिशत के नीचे संवृद्धि दर वाली भारतीय अर्थव्यवस्था की मंदी का जारी रहना किसकी उपस्थिति को दर्शाता है?

(a) विश्व अर्थव्यवस्था में उत्पन्न चक्रीय कारक

(b) घरेलू पूर्ति में संरचनात्मक बाध्यता

(c) दोनों (a) और (b)

(d) तेल निर्यातक देशों में संघर्ष

8. भारत में दो प्रमुख बचत सेक्टर, आरोही क्रम में, कौन-से हैं?

(a) पब्लिक और प्राइवेट कॉरपोरेट

(b) पब्लिक और घरेलू

(c) प्राइवेट कॉरपोरेट और घरेलू

(d) घरेलू और पब्लिक

9. भारत के संविधान के अनुच्छेद 244 में अनुसूचित क्षेत्रों के प्रशासन के सम्बन्ध में निम्नलिखित में से कौन-सा एक कथन सही नहीं है?

(a) त्रिपुरा और मेघालय राज्यों को अपवर्जित किया गया है

(b) अनुसूचित क्षेत्रों का प्रशासन एक सलाहकार परिषद् करती है

(c) राज्य का राज्यपाल निदेश दे सकेगा कि संसद का कोई एक विशिष्ट अधिनियम किसी अनुसूचित क्षेत्र को लागू नहीं होगा

(d) राज्यपाल किसी अनुसूचित क्षेत्र के क्षेत्र को बढ़ा सकता है

10. भारत में पंचायती राज संस्थाओं के सम्बन्ध में निम्नलिखित कथनों पर विचार कीजिए :

1. अनुच्छेद 243K के अन्तर्गत निर्वाचन-क्षेत्रों के परिसीमन या स्थानों के आबंटन के सम्बन्ध में बनाई गई किसी विधि की वैधता का परीक्षण करने का अधिकार न्यायालयों को नहीं होगा।
2. प्रत्येक पाँच वर्ष में राज्य का राज्यपाल एक वित्त आयोग की नियुक्ति, पंचायतों की वित्तीय स्थिति का पुनर्विलोकन करने और सिफारिशें करने के लिए करेगा।
3. राज्य वित्त आयोग की रिपोर्ट, उस पर की गई कार्रवाई के ज्ञापन सहित, संसद के समक्ष रखी जाएगी।

उपर्युक्त में से कौन-सा/से कथन सही है/हैं?

(a) 1, 2 और 3

(b) केवल 1 और 2

(c) केवल 2 और 3

(d) केवल 1

11. Which one of the following statements is correct?

(a) The Legislature of the State of Karnataka consists of the Governor and the Legislative Assembly

(b) The Legislative Council of a State can be dissolved by a law made by the Parliament under Article 368 of the Constitution

(c) For dissolution of the Legislative Council, it is mandatory that a resolution is passed by the Legislative Assembly of the State concerned by a majority of total number of members of the Assembly and by a majority of not less than $\frac{2}{3}$rd members present and voting

(d) The total number of members of the Legislative Council shall not exceed half of the number of members of the Legislative Assembly concerned

12. Consider the following statements relating to the Committee on Absence of Members from the sittings of the Lok Sabha :

1. The Committee recommends to the House the period of leave to be granted to the Member.
2. The Committee grants leave to the Member.
3. This is a Standing Parliamentary Committee.

Which of the statements given above is/are correct?

(a) 1 and 2 only

(b) 1 and 3 only

(c) 1, 2 and 3

(d) 3 only

13. The term of office of members of the Committee on Public Accounts of the Parliament is for

(a) five years

(b) one year

(c) two years

(d) three years

14. Which of the following rules is/are issued by the President of India under Article 77 (3) of the Constitution for conduct of business of the Government?

1. The Government of India (Allocation of Business) Rules, 1961
2. The Government of India (Transaction of Business) Rules, 1961
3. The General Financial Rules, 2005

Select the correct answer using the code given below.

(a) 1 and 2 only

(b) 2 and 3 only

(c) 1, 2 and 3

(d) 1 only

15. In which one of the following options, the hierarchy of the functionaries of a Ministry is **not** shown in the correct descending order?

(a) Secretary, Additional Secretary, Joint Secretary

(b) Director, Undersecretary, Section Officer

(c) Secretary, Undersecretary, Joint Secretary

(d) Special Secretary, Joint Secretary, Deputy Secretary

11. निम्नलिखित कथनों में से कौन-सा एक सही है?

*(a)* कर्नाटक राज्य का विधानमंडल राज्यपाल और विधान सभा से मिलकर बना है

*(b)* किसी राज्य की विधान परिषद् का विघटन संसद द्वारा संविधान के अनुच्छेद 368 के अधीन पारित विधि के द्वारा किया जा सकता है

*(c)* विधान परिषद् के विघटन के लिए यह आवश्यक है कि सम्बन्धित राज्य की विधान सभा के सम्पूर्ण सदस्यों के बहुमत से और उपस्थित तथा मतदान कर रहे सदस्यों के कम-से-कम दो-तिहाई बहुमत से इस आशय का संकल्प पारित हो

*(d)* विधान परिषद् में कुल सदस्यों की संख्या सम्बन्धित विधान सभा के कुल सदस्यों की संख्या के आधे से अधिक नहीं होगी

12. लोक सभा की बैठकों से सदस्यों की अनुपस्थिति विषयक समिति से सम्बन्धित निम्नलिखित कथनों पर विचार कीजिए :

1. समिति सदन को, सदस्य को दी जाने वाली छुट्टी की अवधि की सिफारिश करती है।
2. समिति सदस्य को छुट्टी प्रदान करती है।
3. यह एक स्थायी संसदीय समिति है।

उपर्युक्त कथनों में से कौन-सा/से सही है/हैं?

*(a)* केवल 1 और 2

*(b)* केवल 1 और 3

*(c)* 1, 2 और 3

*(d)* केवल 3

13. संसद की लोक-लेखा समिति के सदस्यों की पदावधि कितनी होती है?

*(a)* पाँच वर्ष

*(b)* एक वर्ष

*(c)* दो वर्ष

*(d)* तीन वर्ष

14. भारत के राष्ट्रपति ने संविधान के अनुच्छेद 77(3) के अन्तर्गत सरकार के काम-काज के संचालन के लिए निम्नलिखित में से कौन-सा/से नियम जारी किया है/किये हैं?

1. भारत सरकार (कार्य आबंटन) नियम, 1961
2. भारत सरकार (कारबार संव्यवहार) नियम, 1961
3. साधारण वित्त नियम, 2005

नीचे दिए गए कूट का प्रयोग कर सही उत्तर चुनिए।

*(a)* केवल 1 और 2

*(b)* केवल 2 और 3

*(c)* 1, 2 और 3

*(d)* केवल 1

15. निम्नलिखित विकल्पों में से किस एक में किसी मंत्रालय के कृत्यकारियों के अधिक्रम को सही अवरोही क्रम में नहीं दिखाया गया है?

*(a)* सचिव, अपर सचिव, संयुक्त सचिव

*(b)* निदेशक, अवर सचिव, अनुभाग अधिकारी

*(c)* सचिव, अवर सचिव, संयुक्त सचिव

*(d)* विशेष सचिव, संयुक्त सचिव, उप-सचिव

16. Widening of Current Account Deficit (CAD) in recent past few years can be explained in terms of

*(a)* stable exports and rising imports

*(b)* weakening exports and stable imports

*(c)* stable exports and stable imports

*(d)* rising foreign direct investment

17. 'Come and Make in India' is an invitation for

*(a)* overseas Indians to return back to India and thus stop brain drain

*(b)* foreign companies to invest in India and sell anywhere in the world

*(c)* foreign nationals to seek employment in India

*(d)* Both *(a)* and *(c)*

18. Which one of the following statements is ***incorrect***?

*(a)* The Council of States consists of elected and nominated members

*(b)* The Council of States is not subject to dissolution

*(c)* One-third of the members of the Council of States retire every five years

*(d)* The Vice President of India is the *ex officio* Chairman of the Council of States

19. Which one of the following statements relating to the Constitution of India is correct?

*(a)* Article 370 is a temporary provision

*(b)* The fundamental right to equality cannot be suspended under any circumstances

*(c)* The Supreme Court of India has supervisory jurisdiction over all the Courts in the country

*(d)* All provisions of the Constitution of India can be amended as provided under Article 368

20. Which of the following statements regarding an Appropriation Bill is/are correct?

1. It can be introduced only in the Lok Sabha.
2. It is introduced immediately after adoption of the demands of grants.

Select the correct answer using the code given below.

*(a)* 1 only

*(b)* 2 only

*(c)* Both 1 and 2

*(d)* Neither 1 nor 2

16. हाल के विगत कुछ वर्षों में चालू खाता घाटे (CAD) के बढ़ने की व्याख्या किस आधार पर की जा सकती है?

*(a)* स्थिर निर्यात और बढ़ता हुआ आयात

*(b)* कमज़ोर होते निर्यात और स्थिर आयात

*(c)* स्थिर निर्यात और स्थिर आयात

*(d)* बढ़ता हुआ प्रत्यक्ष विदेशी निवेश

17. 'आइए और भारत में निर्माण कीजिए' किसके लिए एक निमंत्रण है?

*(a)* प्रवासी भारतीयों को भारत वापस आने और इस प्रकार प्रतिभा पलायन (ब्रेन ड्रेन) को रोकने के लिए

*(b)* विदेशी कम्पनियों को भारत में पूँजी निवेश करने और दुनिया में कहीं भी विक्रय करने के लिए

*(c)* विदेशी नागरिकों को भारत में रोज़गार ढूँढ़ने के लिए

*(d)* दोनों *(a)* और *(c)*

18. निम्नलिखित में से कौन-सा एक कथन गलत है?

*(a)* राज्य सभा निर्वाचित और नामनिर्देशित सदस्यों से मिलकर बनती है

*(b)* राज्य सभा का विघटन नहीं होता

*(c)* प्रत्येक पाँच वर्ष में राज्य सभा के एक-तिहाई सदस्य सेवा निवृत्त होते हैं

*(d)* भारत का उप-राष्ट्रपति राज्य सभा का पदेन सभापति होता है

19. निम्नलिखित में से कौन-सा एक कथन भारत के संविधान के सम्बन्ध में सही है?

*(a)* अनुच्छेद 370 एक अस्थायी उपबन्ध है

*(b)* किसी भी परिस्थिति में समता के मूल अधिकार को निलम्बित नहीं किया जा सकता है

*(c)* भारत के उच्चतम न्यायालय को देश के सभी न्यायालयों पर पर्यवेक्षण की अधिकारिता है

*(d)* भारत के संविधान के सभी उपबन्ध अनुच्छेद 368 के अधीन यथाउपबन्धित संशोधित किए जा सकते हैं

20. किसी विनियोग विधेयक के सम्बन्ध में निम्नलिखित में से कौन-सा/से कथन सही है/हैं?

1. इसे केवल लोक सभा में पुरःस्थापित किया जा सकता है।
2. इसे अनुदान माँगों के स्वीकार होने के तुरन्त बाद पुरःस्थापित किया जाता है।

नीचे दिए गए कूट का प्रयोग कर सही उत्तर चुनिए।

*(a)* केवल 1

*(b)* केवल 2

*(c)* 1 और 2 दोनों

*(d)* न तो 1 और न ही 2

**21.** Consider the following statements regarding a Constitutional Amendment Bill :

1. It is not treated as a Money Bill or Financial Bill.
2. It can be introduced either in the Lok Sabha or in the Rajya Sabha.
3. It cannot be introduced without the recommendation of the President.

Which of the statements given above is/are correct?

*(a)* 1, 2 and 3

*(b)* 2 and 3 only

*(c)* 1 only

*(d)* 1 and 2 only

**22.** Army, Naval and Air Headquarters are

*(a)* the Attached Offices of the Ministry of Defence

*(b)* the Subordinate Offices of the Ministry of Defence

*(c)* a part of the Integrated Headquarters of the Ministry of Defence

*(d)* None of the above

**23.** Which one of the following is a constitutional body?

*(a)* Planning Commission

*(b)* Central Information Commission

*(c)* National Security Council

*(d)* The Comptroller and Auditor General of India

**24.** In terms of Human Development Index, India stands in the category of

*(a)* very high level

*(b)* high level

*(c)* medium level

*(d)* low level

**25.** In the computation of Human Development Index (HDI), the new methodology employs both mean years of schooling and expected mean years of schooling. The mean years of schooling in India for the year 2010 were 4·4 years. The expected mean years of schooling for present cohort are expected to be

*(a)* more than 4·4 years

*(b)* less than 4·4 years

*(c)* just 4·4 years

*(d)* any number, which cannot be judged

**26.** Which one of the following statements with regard to the Right to Information Act, 2005 is ***incorrect?***

*(a)* The disclosure of third party information cannot be made in the same way as all other information

*(b)* The Right to Information Act, 2005 contains specific provisions to protect life of a person

*(c)* The Right to Information Act, 2005 treats equally all information relating to corruption

*(d)* An applicant denied information by a public authority can directly approach a Court for information

21. संविधान संशोधन विधेयक के सम्बन्ध में निम्नलिखित कथनों पर विचार कीजिए :

1. इसे धन विधेयक या वित्तीय विधेयक के रूप में नहीं माना जाता है।
2. इसे लोक सभा या राज्य सभा में पुरःस्थापित किया जा सकता है।
3. इसे राष्ट्रपति की सिफारिश के बिना पुरःस्थापित नहीं किया जा सकता है।

उपर्युक्त कथनों में से कौन-सा/से सही है/हैं?

*(a)* 1, 2 और 3

*(b)* केवल 2 और 3

*(c)* केवल 1

*(d)* केवल 1 और 2

22. सेना, नौसेना और वायुसेना के मुख्यालय हैं

*(a)* रक्षा मंत्रालय से संलग्न कार्यालय

*(b)* रक्षा मंत्रालय के अधीनस्थ कार्यालय

*(c)* रक्षा मंत्रालय के एकीकृत मुख्यालय का एक भाग

*(d)* उपर्युक्त में से कोई नहीं

23. निम्नलिखित में से कौन-सा एक संवैधानिक निकाय है?

*(a)* योजना आयोग

*(b)* केन्द्रीय सूचना आयोग

*(c)* राष्ट्रीय सुरक्षा परिषद्

*(d)* भारत का नियंत्रक-महालेखा परीक्षक

24. मानव विकास सूचकांक के आधार पर भारत किस श्रेणी में आता है?

*(a)* अति उच्च स्तर

*(b)* उच्च स्तर

*(c)* मध्यम स्तर

*(d)* निम्न स्तर

25. मानव विकास सूचकांक (HDI) के अभिकलन में नई क्रियापद्धति में स्कूल शिक्षा के माध्य वर्ष और स्कूल शिक्षा के प्रत्याशित माध्य वर्ष दोनों को प्रयोग में लाया जाता है। वर्ष 2010 में भारत में स्कूल शिक्षा के माध्य वर्ष 4·4 वर्ष थे। वर्तमान सहगण (कोहॉर्ट) के स्कूल शिक्षा के प्रत्याशित माध्य वर्षों का कितना होना सम्भावित है?

*(a)* 4·4 वर्ष से अधिक

*(b)* 4·4 वर्ष से कम

*(c)* 4·4 वर्ष मात्र

*(d)* कितने भी वर्ष, जिनको आँका नहीं जा सकता

26. निम्नलिखित में से सूचना का अधिकार अधिनियम, 2005 से सम्बन्धित कौन-सा एक कथन **गलत** है?

*(a)* अन्य पक्ष से सम्बन्धित सूचना का प्रकटन उसी रीति से नहीं किया जा सकता, जिस रीति से समस्त अन्य सूचनाओं का

*(b)* सूचना का अधिकार अधिनियम, 2005 में व्यक्ति के जीवन संरक्षण के सम्बन्ध में विशिष्ट उपबन्ध अन्तर्विष्ट है

*(c)* सूचना का अधिकार अधिनियम, 2005 भ्रष्टाचार सम्बन्धी समस्त सूचनाओं को समान मानता है

*(d)* यदि किसी आवेदक को किसी लोक प्राधिकारी ने सूचना देने से इन्कार कर दिया है, तो वह सूचना के लिए सीधे न्यायालय जा सकता है

**27.** Which of the following was **not** a mandate of the Second Administrative Reforms Commission?

*(a)* Ethics in Government

*(b)* Public Order

*(c)* Centre-State Relation

*(d)* Social Capital, Trust and Participative Public Service Delivery

**28.** Consider the following statements regarding Financial Bill under Article 117 (3) of the Constitution :

1. It can be introduced without the recommendation of the President.
2. It can be introduced either in the Lok Sabha or in the Rajya Sabha.
3. It would involve expenditure from the Consolidated Fund of India.
4. Unless the recommendation of the President is received, the Bill cannot be considered by the Lok Sabha/the Rajya Sabha.

Which of the statements given above is/are correct?

*(a)* 1, 2 and 3

*(b)* 2, 3 and 4

*(c)* 2 and 3 only

*(d)* 4 only

**29.** 121st Constitutional Amendment Bill seeks to

*(a)* set up the Judicial Appointments Commission

*(b)* set up an OBC Commission

*(c)* confer constitutional status to Lok Pal

*(d)* set up a commission to enquire into atrocities against women

**30.** Which one of the following statements is **incorrect**?

Public Sector Undertakings are

*(a)* controlled fully or partly by the Government

*(b)* set up in the form of companies or corporations

*(c)* entities in which the shares are held by the President or his nominees

*(d)* managed by Board of Directors comprising Government officials only

**31.** Under the Central Staffing Scheme, the prescribed tenure of deputation of an officer to the post of Director is

*(a)* 3 years

*(b)* 4 years

*(c)* 5 years

*(d)* 7 years

**32.** Among the major States, Bihar and Kerala show the highest and the lowest decadal growth of population during 2001–2011. They are respectively around

*(a)* 30 percent and 5 percent

*(b)* 25 percent and 5 percent

*(c)* 20 percent and 10 percent

*(d)* 15 percent and 10 percent

27. निम्नलिखित में से कौन-सा द्वितीय प्रशासनिक सुधार आयोग का अधिदेश (मैन्डेट) नहीं था?

(a) शासन में आचार-नीति

(b) लोक व्यवस्था

(c) केन्द्र-राज्य सम्बन्ध

(d) सामाजिक पूँजी, विश्वास और सहभागी लोक-सेवा प्रदान

28. संविधान के अनुच्छेद 117(3) के अधीन वित्त विधेयक से सम्बन्धित निम्नलिखित कथनों पर विचार कीजिए :

1. इसे राष्ट्रपति की सिफारिश के बिना पुरःस्थापित किया जा सकता है।
2. इसे लोक सभा या राज्य सभा में पुरःस्थापित किया जा सकता है।
3. इसमें भारत की संचित निधि में से व्यय करना पड़ेगा।
4. इस विधेयक पर लोक सभा/राज्य सभा में तब तक विचार नहीं किया जा सकता, जब तक कि राष्ट्रपति की सिफारिश न प्राप्त हो।

उपर्युक्त कथनों में से कौन-सा/से सही है/हैं?

(a) 1, 2 और 3

(b) 2, 3 और 4

(c) केवल 2 और 3

(d) केवल 4

29. 121वाँ संविधान संशोधन विधेयक क्या करने के लिए है?

(a) न्यायिक नियुक्ति आयोग का गठन करना

(b) एक OBC आयोग का गठन करना

(c) लोकपाल को संवैधानिक दर्जा प्रदान करना

(d) महिलाओं के विरुद्ध नृशंसता की जाँच के लिए एक आयोग का गठन करना

30. निम्नलिखित कथनों में से कौन-सा एक गलत है?

लोक क्षेत्र के उपक्रम

(a) सरकार द्वारा अंशतः अथवा पूर्णतः नियंत्रित होते हैं

(b) कम्पनी या निगम के रूप में स्थापित किए जाते हैं

(c) ऐसे सत्त्व हैं जिसमें राष्ट्रपति अथवा उसके नामनिर्देशिती शेयर रखते हैं

(d) का प्रबन्धन ऐसे निदेशकमंडल द्वारा होता है जिसमें मात्र सरकारी कर्मचारी होते हैं

31. केन्द्रीय स्टाफिंग स्कीम के अन्तर्गत, निदेशक के पद पर किसी अधिकारी की प्रतिनियुक्ति की विहित अवधि है

(a) 3 वर्ष

(b) 4 वर्ष

(c) 5 वर्ष

(d) 7 वर्ष

32. बड़े राज्यों में, बिहार और केरल 2001–2011 के दौरान जनसंख्या की अधिकतम एवं न्यूनतम दशक वृद्धि दर्शाते हैं। वे लगभग हैं, क्रमशः

(a) 30 प्रतिशत और 5 प्रतिशत

(b) 25 प्रतिशत और 5 प्रतिशत

(c) 20 प्रतिशत और 10 प्रतिशत

(d) 15 प्रतिशत और 10 प्रतिशत

**33.** According to a study conducted by the IMF (May 2013), which one of the following statements is true in respect of fuel subsidy in India?

*(a)* Bottom 10 percent households corner seven times more benefits than top 10 percent

*(b)* Top 10 percent households corner seven times more benefits than bottom 10 percent

*(c)* Bottom 10 percent and top 10 percent households equally benefit from the subsidy

*(d)* Fuel subsidy is not very high to be called a major subsidy

**34.** Which one of the following statements is ***incorrect?***

*(a)* The power to expand the scope of the Second Schedule to the RTI Act, 2005 vests in the Central Government

*(b)* The RTI Act, 2005 does not apply to intelligence and security organizations established by the State Governments and notified in the State Official Gazette

*(c)* The RTI Act, 2005 applies to intelligence and security organizations established by the State Governments with regard to corruption matters

*(d)* The RTI Act, 2005 has overriding effect over some legislations

**35.** Which one of the following information ***cannot*** be disclosed under the RTI Act, 2005?

*(a)* Advice given by a lawyer to his client

*(b)* Trade secrets involving use of smuggled goods in the manufacturing process

*(c)* Decisions of the Union Cabinet and all related papers after the Cabinet meeting

*(d)* Records of an incident that had happened 25 years earlier

**36.** The Committee on Public Accounts consists of

*(a)* 15 members from the Lok Sabha and 7 members from the Rajya Sabha

*(b)* 20 members from the Lok Sabha and 20 members from the Rajya Sabha

*(c)* 20 members from the Lok Sabha and 10 members from the Rajya Sabha

*(d)* 30 members from the Lok Sabha and 15 members from the Rajya Sabha

33. IMF द्वारा किए गए एक अध्ययन (मई 2013) के अनुसार, भारत में ईंधन उपदान (सब्सिडी) के विषय में निम्नलिखित कथनों में से कौन-सा एक सही है?

(a) सबसे ऊपर के 10 प्रतिशत परिवारों की तुलना में सबसे नीचे के 10 प्रतिशत परिवार सात गुना अधिक लाभ उठाते हैं

(b) सबसे नीचे के 10 प्रतिशत परिवारों की तुलना में सबसे ऊपर के 10 प्रतिशत परिवार सात गुना अधिक लाभ उठाते हैं

(c) सबसे नीचे के 10 प्रतिशत एवं सबसे ऊपर के 10 प्रतिशत परिवार उपदान (सब्सिडी) का बराबर-बराबर लाभ उठाते हैं

(d) ईंधन उपदान (सब्सिडी) इतना अधिक नहीं है कि इसे एक बड़ा उपदान (सब्सिडी) कहा जाए

34. निम्नलिखित कथनों में से कौन-सा एक गलत है?

(a) RTI अधिनियम, 2005 की द्वितीय अनुसूची की परिधि को बढ़ाने की शक्ति केन्द्र सरकार में निहित है

(b) राज्य सरकारों द्वारा स्थापित एवं राज्य के सरकारी राजपत्र में अधिसूचित आसूचना एवं सुरक्षा संगठनों पर RTI अधिनियम, 2005 लागू नहीं होता

(c) भ्रष्टाचार के मामलों में, राज्य सरकारों द्वारा स्थापित आसूचना एवं सुरक्षा संगठनों पर RTI अधिनियम, 2005 लागू होता है

(d) कुछ विधानों पर RTI अधिनियम, 2005 का अधिभावी प्रभाव है

35. निम्नलिखित में से कौन-सी सूचना RTI अधिनियम, 2005 के अधीन प्रकट नहीं की जा सकती है?

(a) वकील द्वारा मुवक्किल को दी गई सलाह

(b) व्यापार रहस्य, जिसमें तस्करी में लाए जाने वाले माल का विनिर्माण प्रक्रिया में प्रयोग होता है

(c) मंत्रिमंडल की बैठक के बाद केन्द्रीय मंत्रिमंडल के निर्णय और उससे सम्बन्धित सभी कागज-पत्र

(d) 25 वर्ष पहले घटित किसी घटना के अभिलेख

36. लोक-लेखा समिति किनसे मिलकर बनती है?

(a) लोक सभा से 15 सदस्य और राज्य सभा से 7 सदस्य

(b) लोक सभा से 20 सदस्य और राज्य सभा से 20 सदस्य

(c) लोक सभा से 20 सदस्य और राज्य सभा से 10 सदस्य

(d) लोक सभा से 30 सदस्य और राज्य सभा से 15 सदस्य

**37.** Which of the following is/are considered as Constitutional Amendment Bill(s)?

1. Admission or establishment of new States, alteration of areas, boundaries or names of existing States (Articles 2, 3 and 4)
2. Creation or abolition of Legislative Councils in the States (Article 169)
3. Administration and control of Scheduled Areas and Scheduled Tribes (Para 7 of 5th Schedule)
4. Administration of Tribal Areas in the States of Assam, Meghalaya, Tripura and Mizoram (Para 21 of 6th Schedule)

Select the correct answer using the code given below.

*(a)* 1 and 2 only

*(b)* 3 and 4 only

*(c)* 1, 2, 3 and 4

*(d)* None of the above

**38.** Which of the following is **not** an All India Service in terms of Article 312 of the Constitution?

*(a)* Indian Forest Service

*(b)* Indian Revenue Service

*(c)* Indian Police Service

*(d)* Indian Administrative Service

**39.** Which of the following statements about Departmentally Related Standing Committees of the Parliament is correct?

*(a)* They are chaired by the Minister-in-Charge of the Department concerned

*(b)* Some of these Committees are serviced by the Lok Sabha Secretariat, while others are serviced by the Rajya Sabha Secretariat

*(c)* The term of the members of these Committees is coterminous with their term as a Member of the Parliament

*(d)* The Demands for Grants of a Ministry/Department must be examined by the related Committee before it is presented to the Parliament

**40.** Life expectancy is the highest in Kerala, while birthrate and infant mortality rate are both lowest in Kerala; the death rate is the lowest in Maharashtra and West Bengal, not in Kerala. What could be the reason?

*(a)* The proportion of children has gone down in Kerala

*(b)* The proportion of children has gone up in Kerala

*(c)* The proportion of old persons has gone up in Kerala

*(d)* The proportion of old persons has gone down in Kerala

**37.** निम्नलिखित में से कौन-सा/से संविधान संशोधन विधेयक माना जाता है/माने जाते हैं?

1. नये राज्यों का प्रवेश अथवा उनकी स्थापना, वर्तमान राज्यों के क्षेत्रों, सीमाओं या नामों में परिवर्तन (अनुच्छेद 2, 3 और 4)
2. राज्यों में विधान परिषदों का सर्जन (क्रिएशन) अथवा उत्सादन (अबॉलिशन) (अनुच्छेद 169)
3. अनुसूचित क्षेत्रों और अनुसूचित जनजातियों का प्रशासन और नियंत्रण (5वीं अनुसूची का 7वाँ पैरा)
4. असम, मेघालय, त्रिपुरा और मिज़ोरम राज्यों के जनजाति क्षेत्रों का प्रशासन (6वीं अनुसूची का 21वाँ पैरा)

नीचे दिए गए कूट का प्रयोग कर सही उत्तर चुनिए।

*(a)* केवल 1 और 2

*(b)* केवल 3 और 4

*(c)* 1, 2, 3 और 4

*(d)* उपर्युक्त में से कोई नहीं

**38.** संविधान के अनुच्छेद 312 के अनुसार, निम्नलिखित में से कौन-सी अखिल भारतीय सेवा नहीं है?

*(a)* भारतीय वन सेवा

*(b)* भारतीय राजस्व सेवा

*(c)* भारतीय पुलिस सेवा

*(d)* भारतीय प्रशासनिक सेवा

**39.** संसद की विभागीय सम्बन्धित स्थायी समितियों के बारे में निम्नलिखित कथनों में से कौन-सा सही है?

*(a)* उनका अध्यक्ष सम्बन्धित विभाग का प्रभारी मंत्री होता है

*(b)* इनमें से कुछ समितियों को लोक सभा सचिवालय, जबकि अन्यों को राज्य सभा सचिवालय सेवा प्रदान करता है

*(c)* इन समितियों के सदस्यों का कार्यकाल उनकी संसद की सदस्यता के साथ समाप्त होता है

*(d)* संसद में प्रस्तुत करने से पहले, किसी भी मंत्रालय/विभाग के अनुदानों की माँगों की परीक्षा सम्बन्धित समिति द्वारा की जानी होती है

**40.** जीवन प्रत्याशा केरल में अधिकतम है, जबकि जन्म-दर और शिशु मृत्यु दर दोनों केरल में निम्नतम हैं। मृत्यु दर महाराष्ट्र एवं पश्चिम बंगाल में न्यूनतम है, केरल में नहीं। इसका कारण क्या हो सकता है?

*(a)* बच्चों का अनुपात केरल में कम हो गया है

*(b)* बच्चों का अनुपात केरल में बढ़ गया है

*(c)* वृद्ध व्यक्तियों का अनुपात केरल में बढ़ गया है

*(d)* वृद्ध व्यक्तियों का अनुपात केरल में कम हो गया है

41. India can reap demographic dividend because India has relatively a higher proportion of

(a) school-going children

(b) youth available for work

(c) experienced old persons

(d) English-speaking people

42. Which one of the following information can be disclosed under the RTI Act, 2005?

(a) An information which can be severed from the information exempted under the RTI Act, 2005

(b) An information pertaining to Border Roads Development Organization

(c) An information pertaining to Aviation Research Centre of Cabinet Secretariat

(d) An information pertaining to the health of a Union Minister

43. Which one of the following statements is correct?

(a) The Constitution (121st Amendment) Bill, 2014 was passed by the Parliament by $\frac{2}{3}$rd majority of each House of the Parliament

(b) The Constitution (121st Amendment) Bill, 2014 was passed by the Parliament by $\frac{2}{3}$rd majority of each House of the Parliament present and voting, and also by a majority of total membership of each House of the Parliament

(c) The Constitution (121st Amendment) Bill, 2014 passed by the Parliament requires ratification by the Legislatures of all States

(d) The State Legislatures have no role to play in a Constitutional Amendment

44. The quorum required for the sittings of the Lok Sabha is

(a) one-third of the total membership of the House

(b) one-fourth of the total membership of the House

(c) one-tenth of the total membership of the House

(d) one-sixth of the total membership of the House

45. The Chairman of the Committee on Public Accounts is

(a) appointed by the Speaker from amongst the members of the Lok Sabha elected to the Committee

(b) appointed by the Vice President from amongst the members of the Rajya Sabha only

(c) appointed by the President from amongst the members of either the Lok Sabha or the Rajya Sabha

(d) elected by the members of the Committee

41. भारत जनांकिकीय लाभ उठा सकता है, क्योंकि भारत में

(a) स्कूल जाने वाले बच्चों का अनुपात अपेक्षाकृत अधिक है

(b) काम हेतु उपलब्ध युवाओं का अनुपात अपेक्षाकृत अधिक है

(c) अनुभवी वृद्ध व्यक्तियों का अनुपात अपेक्षाकृत अधिक है

(d) अंग्रेज़ी बोलने वाले लोगों का अनुपात अपेक्षाकृत अधिक है

42. निम्नलिखित में से कौन-सी एक सूचना RTI अधिनियम, 2005 के अधीन दी जा सकती है?

(a) वह सूचना जिसे RTI अधिनियम, 2005 के अधीन छूट प्राप्त सूचना से पृथक् किया जा सकता है

(b) सीमा सड़क विकास संगठन से सम्बन्धी सूचना

(c) मंत्रिमंडल सचिवालय के विमानन अनुसंधान केन्द्र से सम्बन्धी सूचना

(d) किसी केन्द्रीय मंत्री की स्वास्थ्य सम्बन्धी सूचना

43. निम्नलिखित में से कौन-सा एक कथन सही है?

(a) संविधान (121वाँ संशोधन) विधेयक, 2014 संसद के प्रत्येक सदन के दो-तिहाई बहुमत से पारित हुआ था

(b) संविधान (121वाँ संशोधन) विधेयक, 2014 संसद के प्रत्येक सदन द्वारा सदन में मौजूद एवं मतदान में भाग लेने वाले दो-तिहाई बहुमत द्वारा और संसद के प्रत्येक सदन में कुल सदस्यता के बहुमत द्वारा भी पारित हुआ था

(c) संसद द्वारा पारित संविधान (121वाँ संशोधन) विधेयक, 2014 के लिए सभी राज्यों के विधानमंडलों द्वारा अनुसमर्थन अपेक्षित है

(d) संविधान संशोधनों में राज्यों के विधान-मंडलों की कोई भूमिका नहीं होती

44. लोक सभा की बैठकों के लिए कितनी गणपूर्ति (कोरम) अपेक्षित है?

(a) सदन की कुल सदस्यता के एक-तिहाई की

(b) सदन की कुल सदस्यता के एक-चौथाई की

(c) सदन की कुल सदस्यता के दसवें भाग की

(d) सदन की कुल सदस्यता के छठे भाग की

45. लोक-लेखा समिति का अध्यक्ष

(a) लोक सभा अध्यक्ष द्वारा उस समिति में चुने हुए लोक सभा के सदस्यों में से नियुक्त किया जाता है

(b) उप-राष्ट्रपति द्वारा केवल राज्य सभा के सदस्यों में से नियुक्त किया जाता है

(c) राष्ट्रपति द्वारा लोक सभा अथवा राज्य सभा के सदस्यों में से नियुक्त किया जाता है

(d) उस समिति के सदस्यों द्वारा चुना जाता है

46. The Department of Pharmaceuticals is under the administrative control of the

*(a)* Ministry of Health and Family Welfare

*(b)* Ministry of Chemicals and Fertilizers

*(c)* Ministry of Micro, Small and Medium Enterprises

*(d)* Prime Minister's Office

47. At present, the Border Roads Development Board (BRDB) functions under the Chairmanship of the

*(a)* Minister of State in the Ministry of Defence

*(b)* Minister of State in the Ministry of Road Transport and Highways

*(c)* Prime Minister

*(d)* Chief of Army Staff

48. Fiscal consolidation in the long run requires

1. raising tax-GDP ratio
2. escalation of expenditure
3. checking leakages to contain level of subsidies
4. stop borrowing to contain interest payment

Which combination of instruments is the best from the angle of sustaining growth?

*(a)* 1, 2 and 3

*(b)* 2 and 3 only

*(c)* 1 and 4

*(d)* 1 and 3 only

49. Which of the statements given below is/are correct?

1. Consumer price inflation was lower than wholesale price index in India during 2013–2014.
2. In India, core inflation excludes food and energy component from the index used for measuring inflation.

Select the correct answer using the code given below.

*(a)* 1 only

*(b)* 2 only

*(c)* Both 1 and 2

*(d)* Neither 1 nor 2

50. Which one of the following statements is ***incorrect***?

*(a)* A judicial order passed by the Supreme Court of India may be violative of the fundamental right of a citizen

*(b)* The Supreme Court under Article 32 of the Constitution of India has no discretion to refuse enforcement of a fundamental right as against the power of High Courts under Article 226

*(c)* The punishment for offences pertaining to fundamental rights can be prescribed only by the Legislatures and not by the Executive

*(d)* The right to move the Supreme Court for enforcement of the right under Article 20 cannot be suspended in any circumstances

46. भेषजिक (फार्मास्यूटिकल्स) विभाग किसके प्रशासनिक नियंत्रण में है?

*(a)* स्वास्थ्य एवं परिवार कल्याण मंत्रालय

*(b)* रसायन एवं उर्वरक मंत्रालय

*(c)* सूक्ष्म, लघु एवं मध्यम उद्यम मंत्रालय

*(d)* प्रधानमंत्री कार्यालय

47. इस समय, सीमा सड़क विकास बोर्ड (BRDB) किसकी अध्यक्षता में कार्य करता है?

*(a)* रक्षा मंत्रालय में राज्य मंत्री

*(b)* सड़क यातायात एवं राजमार्ग मंत्रालय में राज्य मंत्री

*(c)* प्रधानमंत्री

*(d)* थल-सेनाध्यक्ष

48. दीर्घकाल में राजकोषीय समेकन हेतु आवश्यक है

1. कर-GDP अनुपात को बढ़ाना
2. व्यय की वृद्धि
3. उपदानों (सब्सिडीज़) के स्तर को सीमित करने के लिए रिसावों को रोकना
4. ब्याज भुगतान को सीमित करने के लिए उधार लेना बन्द करना

संवृद्धि बनाए रखने की दृष्टि से साधनों का कौन-सा समुच्चय सर्वोत्तम है?

*(a)* 1, 2 और 3

*(b)* केवल 2 और 3

*(c)* 1 और 4

*(d)* केवल 1 और 3

49. निम्नलिखित कथनों में से कौन-सा/से सही है/हैं?

1. भारत में 2013–2014 के दौरान थोक कीमत सूचकांक की अपेक्षा उपभोक्ता कीमत स्फीति कम थी।
2. भारत में, क्रोड़ (कोर) स्फीति, स्फीति के मापन हेतु प्रयुक्त सूचकांक से खाद्य और ऊर्जा अवयव को वर्जित करती है।

नीचे दिए गए कूट का प्रयोग कर सही उत्तर चुनिए।

*(a)* केवल 1

*(b)* केवल 2

*(c)* 1 और 2 दोनों

*(d)* न तो 1 और न ही 2

50. निम्नलिखित कथनों में से कौन-सा एक गलत है?

*(a)* भारत के उच्चतम न्यायालय द्वारा पारित कोई न्यायिक आदेश किसी नागरिक के मूल अधिकार का अतिक्रमणकारी हो सकता है

*(b)* भारत के संविधान के अनुच्छेद 32 के अधीन उच्चतम न्यायालय को किसी मूल अधिकार के प्रवर्तन को अस्वीकार करने का विवेकाधिकार नहीं है, इसके विपरीत, अनुच्छेद 226 के अधीन उच्च न्यायालयों को इसकी शक्ति है

*(c)* मूल अधिकारों से सम्बन्धित अपराधों के लिए दण्ड केवल विधानमंडलों द्वारा ही विहित किया जा सकता है, कार्यपालिका द्वारा नहीं

*(d)* अनुच्छेद 20 के अधीन अधिकार के प्रवर्तन के लिए उच्चतम न्यायालय जाने के अधिकार को किसी भी परिस्थिति में निलम्बित नहीं किया जा सकता है

**51.** Which of the following statements is/are correct?

1. Writ of Certiorari is meant for deciding the legality of an order/decision taken by a Lower Court/Tribunal/Authority.
2. Writ of Prohibition is issued while deciding the legality of an ongoing proceeding before a Lower Court/Tribunal/Authority.
3. Both writs are supervisory in nature and the Writ Court can decide the case by considering all the issues raised by the parties.
4. If adequate material/evidence is not on record, the Writ Court can quash the decision/ongoing proceeding, as the case may be.

Select the correct answer using the code given below.

*(a)* 1 and 2
*(b)* 3 and 4 only
*(c)* 2 only
*(d)* 2, 3 and 4

**52.** There can be a joint sitting of both the Houses of the Parliament for

*(a)* Money Bill
*(b)* Constitutional Amendment Bill
*(c)* Ordinary Bill
*(d)* Appropriation Bill

**53.** Hindustan Shipyard Limited is

*(a)* a public sector shipyard under the Ministry of Defence
*(b)* a private sector company
*(c)* managed by the Shipping Corporation of India
*(d)* the most profitable shipyard in the country

**54.** Use of instruments such as fixing Statutory Liquidity Ratio for banks and prescribing investment guidelines for other institutions is called 'financial repression' as they

*(a)* capture resources for public sector
*(b)* generate perverse incentives for households to avoid holding assets with Indian financial firms
*(c)* generate inflation in asset prices
*(d)* encourage Government to borrow money

**55.** Non-debt capital receipts of a Government ***do not*** include

*(a)* disinvestment proceeds
*(b)* royalty on natural resources
*(c)* repayment of principal part of loan advanced
*(d)* sale of property

**56.** Which of the following statements is ***incorrect***?

*(a)* Under the collegium system of appointment of Judges of the Supreme Court, the recommendation of the collegium was binding on the President
*(b)* The appointment of a person as Minister, who is facing a trial for murder or rape, is constitutionally invalid
*(c)* The appointment of a person as Prime Minister pre-supposes that he has majority support in the House of the People
*(d)* It is not necessary that the Chief Information Commissioner appointed under the RTI Act, 2005 must be a sitting or retired Judge

51. निम्नलिखित में से कौन-सा/से कथन सही है/हैं?

1. उत्प्रेषण रिट का उद्देश्य किसी भी निचले न्यायालय/अधिकरण/प्राधिकारी द्वारा लिए गए आदेश/निर्णय की वैधता का निर्णय करना है।
2. प्रतिषेध रिट निचले न्यायालय/अधिकरण/प्राधिकारी के समक्ष चल रही कार्यवाही की वैधता का निर्णय करते समय जारी की जाती है।
3. दोनों रिटों की प्रकृति पर्यवेक्षणात्मक है और रिट न्यायालय पक्षकारों द्वारा उठाए गए समस्त विवादों पर विचार कर मामले का निर्णय कर सकता है।
4. यदि अभिलेख पर पर्याप्त सामग्री/साक्ष्य नहीं है, तो रिट न्यायालय स्थिति के अनुसार निर्णय/चालू कार्यवाही को निरस्त कर सकता है।

नीचे दिए गए कूट का प्रयोग कर सही उत्तर चुनिए।

*(a)* 1 और 2
*(b)* केवल 3 और 4
*(c)* केवल 2
*(d)* 2, 3 और 4

52. संसद के दोनों सदनों की संयुक्त बैठक हो सकती है

*(a)* धन विधेयक के लिए
*(b)* संविधान संशोधन विधेयक के लिए
*(c)* साधारण विधेयक के लिए
*(d)* विनियोग विधेयक के लिए

53. हिन्दुस्तान शिपयार्ड लिमिटेड

*(a)* रक्षा मंत्रालय के अधीन एक पब्लिक सेक्टर शिपयार्ड है
*(b)* एक प्राइवेट सेक्टर कम्पनी है
*(c)* का प्रबन्ध भारतीय नौवहन निगम द्वारा किया जाता है
*(d)* देश में सबसे अधिक लाभ देने वाला शिपयार्ड है

54. बैंकों के लिए सांविधिक तरलता अनुपात निर्धारित करने जैसे साधनों का प्रयोग तथा अन्य संस्थाओं के लिए निवेश दिशानिर्देश सुनिश्चित करने को 'वित्तीय दमन' कहा जाता है, क्योंकि वे

*(a)* पब्लिक सेक्टर के संसाधनों को हथिया लेते हैं
*(b)* परिवारों को भारतीय वित्तीय फर्मों की परिसम्पत्तियों को लेने से बचाने के लिए विकृत प्रोत्साहन का सृजन करते हैं
*(c)* परिसम्पत्ति क़ीमतों में स्फीति पैदा करते हैं
*(d)* सरकार को धन उधार लेने के लिए प्रोत्साहित करते हैं

55. सरकार की गैर-उधार पूँजी प्राप्तियों में क्या शामिल नहीं है?

*(a)* विनिवेश प्राप्तियाँ
*(b)* प्राकृतिक संसाधनों पर रॉयल्टी
*(c)* दिए गए उधार के मूलधन भाग की वापसी
*(d)* सम्पत्ति का विक्रय

56. निम्नलिखित कथनों में से कौन-सा एक गलत है?

*(a)* उच्चतम न्यायालय के न्यायाधीशों की नियुक्ति के सम्बन्ध में अधिशासीमंडल (कॉलेजियम) पद्धति में अधिशासीमंडल (कॉलेजियम) की सिफारिश राष्ट्रपति पर बाध्य थी
*(b)* मंत्री के रूप में किसी ऐसे व्यक्ति की नियुक्ति, जिस पर हत्या या बलात्कार का मुकदमा चल रहा हो, संवैधानिक रूप से अवैध है
*(c)* प्रधानमंत्री के पद पर किसी व्यक्ति की नियुक्ति के विषय में यह पूर्व-कल्पित है कि उसे लोक सभा में बहुमत का समर्थन प्राप्त है
*(d)* यह आवश्यक नहीं है कि RTI अधिनियम, 2005 के अधीन नियुक्त मुख्य सूचना आयुक्त कोई कार्यरत अथवा सेवानिवृत्त न्यायाधीश ही हो

57. Which of the following statements is ***incorrect***?

*(a)* The Parliament cannot enact legislation on 'water'

*(b)* The Constitution of India does not contain express provisions regarding secret session, but the Parliament can have secret session

*(c)* The Prime Minister must disclose to the President such information pertaining to the decisions of the Council of Ministers relating to the administration of the affairs of the Union which he deems proper

*(d)* The Parliament also includes the President of India

58. With regard to reservations, which one of the following statements is ***incorrect***?

*(a)* The reservation in public services can never exceed 50%

*(b)* There can be no reservation in admission to super-speciality courses

*(c)* There can be reservations in admissions to private educational institutions

*(d)* The reservation in public employment for Scheduled Castes and Scheduled Tribes can be made only on proof of backwardness, inadequate representation and efficiency of administration is not affected

59. Consider the following statements about Motion of Thanks to President's Address to the Lok Sabha and the Rajya Sabha :

1. Notices of amendments to Motion of Thanks to President's Address can be tabled after the motion has been moved in the House.

2. Amendments may refer to matters which the Address has failed to mention.

Which of the statements given above is/are correct?

*(a)* 1 only

*(b)* 2 only

*(c)* Both 1 and 2

*(d)* Neither 1 nor 2

60. A rank of 'Colonel' in the Army is equivalent to

*(a)* Captain in the Indian Navy

*(b)* Commodore in the Indian Navy

*(c)* Wing Commander in the Air Force

*(d)* None of the above

57. निम्नलिखित कथनों में से कौन-सा गलत है?

(a) संसद 'पानी' पर कानून नहीं बना सकती है

(b) भारत के संविधान में गुप्त सत्र के बारे में कोई अभिव्यक्त उपबन्ध नहीं है, परन्तु संसद का गुप्त सत्र हो सकता है

(c) प्रधानमंत्री केन्द्रीय प्रशासन से सम्बन्धित मंत्रिपरिषद् के निर्णयों की उन सूचनाओं से राष्ट्रपति को अवश्य अवगत कराये जिन्हें वह उचित समझता है

(d) संसद में भारत का राष्ट्रपति भी शामिल है

58. आरक्षणों के सम्बन्ध में निम्नलिखित में से कौन-सा एक कथन गलत है?

(a) लोक सेवाओं में आरक्षण कभी भी 50% से अधिक नहीं हो सकता है

(b) विशेष-विषय (सुपर-स्पेशियेलिटी) पाठ्यक्रमों में प्रवेश में कोई आरक्षण नहीं हो सकता

(c) प्राइवेट शैक्षणिक संस्थाओं में प्रवेश में आरक्षण हो सकता है

(d) अनुसूचित जातियों और अनुसूचित जनजातियों के लिए लोक नियोजन में आरक्षण केवल पिछड़ेपन के सबूत, अपर्याप्त प्रतिनिधित्व और प्रशासन की दक्षता प्रभावित न होने के आधार पर ही किया जा सकता है

59. लोक सभा और राज्य सभा में राष्ट्रपति के सम्बोधन पर धन्यवाद प्रस्ताव के सम्बन्ध में निम्नलिखित कथनों पर विचार कीजिए :

1. राष्ट्रपति के सम्बोधन पर धन्यवाद प्रस्ताव पर संशोधन की नोटिस, सदन में प्रस्ताव पेश होने के बाद पटल पर रखी जा सकती है।

2. संशोधनों में उन विषयों का उल्लेख हो सकता है जिनका उल्लेख सम्बोधन में छूट गया हो।

उपर्युक्त में से कौन-सा/से कथन सही है/हैं?

(a) केवल 1

(b) केवल 2

(c) 1 और 2 दोनों

(d) न तो 1 और न ही 2

60. सेना में 'कर्नल' का रैंक किस पद के समतुल्य है?

(a) भारतीय नौसेना में कैप्टन

(b) भारतीय नौसेना में कमोडोर

(c) वायुसेना में विंग कमान्डर

(d) उपर्युक्त में से कोई नहीं

61. Who among the following was chosen to be the Chairman of the Planning Commission in the Cabinet Resolution of March 1950 that constituted the Planning Commission?

*(a)* Jawaharlal Nehru

*(b)* The Prime Minister of India

*(c)* The Union Minister of Planning

*(d)* The Chairman of the National Development Council

62. The Fifth Five-Year Plan of India had two major objectives. One of them was to achieve self-reliance. The other was

*(a)* increase in employment opportunities

*(b)* adopting measures for raising the consumption standard of people living below poverty line

*(c)* faster growth of manufacturing sector

*(d)* rural development

63. The freedom of press ***does not*** extend to publish

*(a)* information received from a foreign government

*(b)* information relating to a pending case

*(c)* information pertaining to commercial confidence, except when public interest requires disclosure

*(d)* the sexual activities of a person recorded secretly

64. The Constitution of India ***does not*** guarantee which one of the following rights?

*(a)* Right to keep silence

*(b)* Right to get the trial quashed for inordinate delay in the trial

*(c)* Right to legal representation

*(d)* Right to bail

65. Which one of the following statements is ***not*** correct?

*(a)* The freedom of religion can be restricted on the ground of morality

*(b)* 'Begar' means compelling a person to work without payment

*(c)* Children below 14 years of age cannot be engaged in a mine

*(d)* The question of 'minority' has to be decided on the basis of population of the country

66. What is/are the difference(s) between the terms 'adjournment' and 'prorogue' in Parliamentary parlance?

1. Adjournment means postponement of the sitting of the House from one time to another specified time for the reassembling of the House. Prorogue means to conclude the sitting of the House indefinitely.
2. Adjournment is made by the President, while prorogue is done by the Speaker.

Select the correct answer using the code given below.

*(a)* 1 only

*(b)* 2 only

*(c)* Both 1 and 2

*(d)* Neither 1 nor 2

61. निम्नलिखित में से किसे मार्च 1950 के मंत्रिमंडल संकल्प में, जिससे योजना आयोग गठित हुआ, योजना आयोग का अध्यक्ष होने के लिए चुना गया था?

(a) जवाहरलाल नेहरू

(b) भारत का प्रधानमंत्री

(c) केन्द्रीय योजना मंत्री

(d) राष्ट्रीय विकास परिषद् का अध्यक्ष

62. भारत की पाँचवीं पंचवर्षीय योजना के दो प्रमुख उद्देश्य थे। उनमें से एक आत्मनिर्भरता प्राप्त करना था। दूसरा उद्देश्य था

(a) रोजगार के अवसर बढ़ाना

(b) गरीबी रेखा से नीचे रहने वाले लोगों के उपभोग स्तर को बढ़ाने हेतु उपाय अपनाना

(c) विनिर्माण सेक्टर की तीव्रतर वृद्धि

(d) ग्रामीण विकास

63. प्रेस की स्वतंत्रता में किसका प्रकाशन नहीं आता?

(a) किसी विदेशी सरकार से प्राप्त सूचना

(b) किसी लम्बित मामले से सम्बन्धित सूचना

(c) व्यावसायिक गोपनीयता से सम्बन्धित सूचना, किन्तु तब नहीं जबकि लोक हित में उसे प्रकट करना आवश्यक हो

(d) किसी व्यक्ति के यौन क्रियाकलाप, जो गुप्त रूप से रिकॉर्ड किए गए हों

64. भारत का संविधान निम्नलिखित में से किस एक अधिकार को प्रत्याभूत नहीं करता?

(a) मौन रहने का अधिकार

(b) विचारण में अत्यधिक देरी होने पर विचारण को अभिखण्डित (क्वॉश) कराने का अधिकार

(c) विधिक प्रतिनिधित्व का अधिकार

(d) जमानत का अधिकार

65. निम्नलिखित कथनों में से कौन-सा एक सही नहीं है?

(a) नैतिकता के आधार पर धर्म की स्वतंत्रता को निर्बंधित (रेस्ट्रिक्ट) किया जा सकता है

(b) 'बेगार' का तात्पर्य है किसी व्यक्ति को बिना भुगतान के काम करने के लिए बाध्य करना

(c) 14 वर्ष से कम आयु के बच्चों को खानों में काम में लगाया नहीं जा सकता

(d) 'अल्पसंख्यक' के प्रश्न का निर्णय देश की जनसंख्या के आधार पर किया जाना चाहिए

66. संसदीय भाषा-शैली में 'स्थगन' और 'सत्रावसान' पदों में क्या अन्तर है/हैं?

1. स्थगन का अर्थ है सदन की बैठक को एक समय से दूसरे उस विनिर्दिष्ट समय के लिए स्थगित करना जिस पर सदन को पुनःसमवेत किया गया हो। सत्रावसान का तात्पर्य है सदन की बैठक को अनिश्चित काल के लिए समाप्त करना।
2. स्थगन राष्ट्रपति करता है, जबकि सत्रावसान अध्यक्ष करता है।

नीचे दिए गए कूट का प्रयोग कर सही उत्तर चुनिए।

(a) केवल 1

(b) केवल 2

(c) 1 और 2 दोनों

(d) न तो 1 और न ही 2

67. An association of the families of freedom fighters wants to take up the issue regarding inadequacy of the pension granted to them and calls on the Minister concerned. Who should the association call on?

(a) The Minister-in-Charge of the Department of Pension and Pensioners' Welfare

(b) The Minister-in-Charge of the Department of Social Justice and Empowerment

(c) The Minister-in-Charge of the Ministry of Home Affairs

(d) The Minister-in-Charge of the Ministry of Human Resource Development

68. Heavy reliance was placed for the first time on basic and heavy industries in the formulation of the

(a) First Five-Year Plan

(b) Second Five-Year Plan

(c) Third Five-Year Plan

(d) Fourth Five-Year Plan

69. Concept of Rolling Plan was introduced in India in the year

(a) 1968

(b) 1978

(c) 1988

(d) 1998

70. Which one among the following was **not** the reason for abandoning the Draft Fourth Five-Year Plan (1966–1971)?

(a) Indo-Pak War

(b) Devaluation of the currency

(c) Two successive years of drought

(d) The Prime Minister faced power struggle

71. If an applicant is not supplied information by a Public Information Officer within prescribed time, which of the following consequences follow(s)?

1. The concerned Public Information Officer may face disciplinary action.

2. An appeal may be filed before the Appellate Authority at any time.

3. The Central or State Information Commission, as the case may be, may receive and enquire into the complaint of the applicant.

4. It shall be presumed that the information has been refused.

Select the correct answer using the code given below.

(a) 1, 3 and 4

(b) 3 and 4 only

(c) 2

(d) 1 and 4 only

67. स्वतंत्रता सेनानियों के परिवारों का एक संघ उनको दी जाने वाली पेंशन की अपर्याप्तता से सम्बन्धित समस्या को उठाना चाहता है और सम्बन्धित मंत्री से भेंट करना चाहता है। उस संघ को किस विभाग/मंत्रालय के प्रभारी मंत्री से भेंट करनी चाहिए?

*(a)* पेंशन और पेंशनभोगी कल्याण विभाग

*(b)* सामाजिक न्याय और अधिकारिता विभाग

*(c)* गृह मंत्रालय

*(d)* मानव संसाधन विकास मंत्रालय

68. किस योजना के निर्माण में आधारभूत और भारी उद्योगों पर पहली बार भारी भरोसा रखा गया था?

*(a)* प्रथम पंचवर्षीय योजना

*(b)* द्वितीय पंचवर्षीय योजना

*(c)* तृतीय पंचवर्षीय योजना

*(d)* चतुर्थ पंचवर्षीय योजना

69. भारत में प्रवाही योजना (रोलिंग प्लान) की संकल्पना किस वर्ष लागू की गई थी?

*(a)* 1968

*(b)* 1978

*(c)* 1988

*(d)* 1998

70. निम्नलिखित में से कौन-सा एक प्रारूप चतुर्थ पंचवर्षीय योजना [1966-1971] को परित्यागने का कारण नहीं था?

*(a)* भारत-पाक युद्ध

*(b)* मुद्रा का अवमूल्यन

*(c)* सूखे के दो लगातार वर्ष

*(d)* प्रधानमंत्री ने शक्ति संघर्ष का सामना किया

71. यदि कोई लोक सूचना अधिकारी निर्धारित समय सीमा में आवेदक को सूचना नहीं देता, तो निम्नलिखित में से कौन-सा/से परिणाम होगा/होंगे?

1. उस लोक सूचना अधिकारी के विरुद्ध अनुशासनिक कार्रवाई हो सकती है।
2. अपील प्राधिकारी के समक्ष अपील किसी भी समय की जा सकती है।
3. मामले के अनुसार, केन्द्रीय या राज्य सूचना आयोग, आवेदक की शिकायत प्राप्त कर सकता है और उसकी जाँच कर सकता है।
4. यह उपधारणा कर ली जाएगी कि सूचना देने से मना किया गया है।

नीचे दिए गए कूट का प्रयोग कर सही उत्तर चुनिए।

*(a)* 1, 3 और 4

*(b)* केवल 3 और 4

*(c)* 2

*(d)* केवल 1 और 4

**72.** Under the RTI Act, 2005, fine **cannot** be imposed in which one of the following cases?

*(a)* Refusal to receive an application for information

*(b)* Giving incorrect information

*(c)* Destroying information

*(d)* Refusing information on the ground that the same was exempt under Section 8(1)(j)

**73.** While exercising powers under Section 20 of the RTI Act, 2005, the Central Information Commission is **not** bound by which one of the following requirements?

*(a)* To pass a speaking order

*(b)* To give personal hearing to the person concerned

*(c)* Not to receive a complaint regarding denial of information

*(d)* To follow the principles of evidence

**74.** Which one of the following statements is correct with respect to the RTI Act, 2005?

*(a)* An application for information can be made by any person

*(b)* Information regarding the arrest of a person must be supplied within one week

*(c)* Information to persons belonging to BPL category can be supplied without payment of fee

*(d)* Refusal to provide information may lead to the sentence of imprisonment

**75.** Consider the following statements about Private Members' Business in the Lok Sabha :

1. Every Member of the Parliament other than a Minister is called a Private Member and he can introduce Private Members' Bill.

2. The last two and half hours of a sitting of every Friday during session are generally allotted for transaction of Private Members' Business.

3. A Private Member cannot introduce a Constitutional Amendment Bill.

Which of the statements given above is/are correct?

*(a)* 1 only

*(b)* 2 only

*(c)* 1 and 2 only

*(d)* 1, 2 and 3

**72.** RTI अधिनियम, 2005 के अधीन निम्नलिखित में से किस एक मामले में जुर्माना **नहीं** लगाया जा सकता?

*(a)* सूचना के लिए आवेदन लेने से इन्कार करना

*(b)* गलत सूचना देना

*(c)* सूचना नष्ट करना

*(d)* सूचना देने से इस आधार पर मना करना कि उसे धारा 8(1)(j) के अधीन छूट प्राप्त है

**73.** RTI अधिनियम, 2005 की धारा 20 के अन्तर्गत शक्तियों का प्रयोग करते समय केन्द्रीय सूचना आयोग निम्नलिखित में से कौन-सी एक अपेक्षा से बाध्य **नहीं** है?

*(a)* सकारण आदेश (स्पीकिंग ऑर्डर) पारित करना

*(b)* सम्बन्धित व्यक्ति की व्यक्तिगत सुनवाई करना

*(c)* सूचना इन्कार करने के सम्बन्ध में शिकायत न लेना

*(d)* साक्ष्य के सिद्धान्तों का अनुसरण करना

**74.** RTI अधिनियम, 2005 के सन्दर्भ में निम्नलिखित में से कौन-सा एक कथन सही है?

*(a)* सूचना का आवेदन किसी भी व्यक्ति द्वारा किया जा सकता है

*(b)* किसी व्यक्ति की गिरफ्तारी के विषय में सूचना एक सप्ताह के भीतर ही उपलब्ध करानी होगी

*(c)* गरीबी रेखा के नीचे के श्रेणी के लोगों को सूचना बिना शुल्क के भुगतान के दी जा सकती है

*(d)* सूचना को देने से मना करने पर कारावास का दण्डादेश हो सकता है

**75.** लोक सभा में गैर-सरकारी सदस्यों के कारबार के बारे में निम्नलिखित कथनों पर विचार कीजिए :

1. मंत्री के अलावा संसद का हर एक सदस्य गैर-सरकारी सदस्य कहलाता है और वह गैर-सरकारी सदस्य विधेयक पुरःस्थापित कर सकता है।
2. सत्र के दौरान प्रत्येक शुक्रवार की बैठक के अन्तिम ढाई घण्टे साधारणतः गैर-सरकारी सदस्यों के कारबार के संव्यवहार के लिए आबंटित किए जाते हैं।
3. गैर-सरकारी सदस्य संविधान संशोधन विधेयक पुरःस्थापित नहीं कर सकता है।

उपर्युक्त कथनों में से कौन-सा/से सही है/हैं?

*(a)* केवल 1

*(b)* केवल 2

*(c)* केवल 1 और 2

*(d)* 1, 2 और 3

76. Who is the Chairman of the Committee on Private Members' Bills and Resolutions in the Lok Sabha?

(a) The Speaker

(b) The Deputy Speaker

(c) A Member elected by the members of the Committee from amongst its members

(d) A Member appointed by the Deputy Speaker

77. Which of the following statements is correct?

As per the Central Staffing Scheme, officers appointed as Secretaries to the Government of India

(a) can have a maximum tenure of three years

(b) can have a maximum tenure of five years

(c) must get a minimum tenure of two years

(d) have no fixed tenure

78. Inland Waterways Authority of India (IWAI) is an autonomous body under the administrative control of the

(a) Ministry of Shipping

(b) Ministry of Water Resources, River Development and Ganga Rejuvenation

(c) Ministry of Home Affairs

(d) Ministry of Drinking Water and Sanitation

79. The Eighth Five-Year Plan was due to be launched in 1990, but that ***did not*** happen as

(a) political situation was fast changing around that period

(b) political leadership thought that Planning Commission should change its role and should act as a think tank

(c) the economy of the country was experiencing a negative growth

(d) USSR was broken and ideas of Glasnost and Perestroika influenced Indian politicians of the time

80. Increase in the food grains, employment and productivity was the main emphasis of the

(a) Fifth Five-Year Plan

(b) Sixth Five-Year Plan

(c) Seventh Five-Year Plan

(d) Eighth Five-Year Plan

76. लोक सभा में गैर-सरकारी सदस्यों के विधेयकों और संकल्पों की समिति का अध्यक्ष कौन होता है?

(a) लोक सभा का अध्यक्ष

(b) लोक सभा का उपाध्यक्ष

(c) समिति के सदस्यों द्वारा उसके सदस्यों में से निर्वाचित कोई सदस्य

(d) लोक सभा के उपाध्यक्ष द्वारा नियुक्त किया गया कोई सदस्य

77. निम्नलिखित कथनों में से कौन-सा सही है?

केन्द्रीय स्टाफिंग स्कीम के अनुसार, उन अधिकारियों का, जो भारत सरकार के सचिव नियुक्त होते हैं

(a) अधिकतम कार्यकाल तीन वर्ष हो सकता है

(b) अधिकतम कार्यकाल पाँच वर्ष हो सकता है

(c) न्यूनतम कार्यकाल दो वर्ष होना ही चाहिए

(d) कोई निश्चित कार्यकाल नहीं है

78. भारतीय अन्तर्देशीय जलमार्ग प्राधिकरण (IWAI) किसके प्रशासनिक नियंत्रण के अधीन एक स्वायत्त निकाय है?

(a) पोत परिवहन मंत्रालय

(b) जल संसाधन, नदी विकास और गंगा संरक्षण मंत्रालय

(c) गृह मंत्रालय

(d) पेयजल और स्वच्छता मंत्रालय

79. आठवीं पंचवर्षीय योजना को 1990 में प्रारम्भ होना था परन्तु वैसा नहीं हुआ, क्योंकि

(a) उस समय के आस-पास राजनैतिक परिस्थिति तेजी से बदल रही थी

(b) राजनैतिक नेतृत्व ने सोचा था कि योजना आयोग को अपनी भूमिका बदलनी चाहिए और चिन्तनमंडल (थिंक टैंक) की भाँति कार्य करना चाहिए

(c) देश की अर्थव्यवस्था की वृद्धि ऋणात्मक हो रही थी

(d) USSR टूट गया था और ग्लासनोस्त तथा पैरेस्त्रोइका के विचार उस समय के भारतीय राजनीतिज्ञों को प्रभावित कर रहे थे

80. खाद्यान्नों, रोज़गार और उत्पादकता में वृद्धि पर किस योजना में मुख्य ज़ोर था?

(a) पाँचवीं पंचवर्षीय योजना

(b) छठी पंचवर्षीय योजना

(c) सातवीं पंचवर्षीय योजना

(d) आठवीं पंचवर्षीय योजना

**81.** Inclusion of word 'inclusive' in the planning documents of India started with the

*(a)* Ninth Five-Year Plan

*(b)* Tenth Five-Year Plan

*(c)* Eleventh Five-Year Plan

*(d)* Twelfth Five-Year Plan

**82.** Consider the following statements :

1. The RTI Act, 2005 prohibits disclosure of information regarding infringement of copyright subsisting in the State.

2. Information regarding trade secrets can be provided in larger public interest.

3. An Information Commissioner cannot be removed from his office on the ground of incompetence.

Which of the statements given above is/are ***incorrect***?

*(a)* 1, 2 and 3

*(b)* 1 only

*(c)* 2 and 3 only

*(d)* 1 and 3 only

**83.** Which one of the following statements is ***incorrect***?

*(a)* The fundamental right of freedom to carry on trade does not include freedom to sell liquor

*(b)* There is no fundamental right of freedom to carry on trade by a publisher to get his book prescribed as a textbook in the school

*(c)* The fundamental right of freedom to carry on trade prohibits reservation in admissions of students belonging to Scheduled Castes and Scheduled Tribes under an Act of the Parliament

*(d)* The fundamental right of freedom to carry on trade prohibits the State from adopting executive measures to curtail it

**84.** Which one of the following statements is correct?

*(a)* A law made by the Legislature of a State under Article 31A of the Constitution of India does not require assent of the President of India

*(b)* The Acts included in the Ninth Schedule of the Constitution of India are not completely immune from judicial scrutiny

*(c)* A law made by the appropriate Legislature to give effect to the Directive Principles of State Policy cannot be challenged on the ground of violation of the fundamental rights

*(d)* The fundamental rights can be enforced only by the Supreme Court and High Courts, and by no other forum

81. भारत के योजना दस्तावेजों में 'समावेशी' शब्द का समावेशन किस योजना से प्रारम्भ हुआ?

(a) नवीं पंचवर्षीय योजना

(b) दसवीं पंचवर्षीय योजना

(c) ग्यारहवीं पंचवर्षीय योजना

(d) बारहवीं पंचवर्षीय योजना

82. निम्नलिखित कथनों पर विचार कीजिए :

1. RTI अधिनियम, 2005 राज्य में बने हुए प्रतिलिप्यधिकार के अतिलंघन के विषय में सूचना के प्रकटन का प्रतिषेध करता है।

2. व्यापार रहस्यों के विषय में सूचना व्यापक लोक हित में उपलब्ध कराई जा सकती है।

3. किसी सूचना आयुक्त को उनके पद से अयोग्यता के आधार पर नहीं हटाया जा सकता।

उपर्युक्त कथनों में से कौन-सा/से गलत है/हैं?

(a) 1, 2 और 3

(b) केवल 1

(c) केवल 2 और 3

(d) केवल 1 और 3

83. निम्नलिखित कथनों में से कौन-सा एक गलत है?

(a) व्यापार करने के स्वातंत्र्य के मूल अधिकार में शराब बेचने का स्वातंत्र्य सम्मिलित नहीं है

(b) किसी प्रकाशक को, उसके द्वारा प्रकाशित पुस्तक को विद्यालय की पाठ्य-पुस्तक के रूप में विहित करा कर व्यापार करने के स्वातंत्र्य का मूल अधिकार नहीं है

(c) व्यापार करने के स्वातंत्र्य का मूल अधिकार, संसद द्वारा पारित किसी अधिनियम के अधीन अनुसूचित जाति और अनुसूचित जनजाति के छात्रों के प्रवेश में आरक्षण का प्रतिषेध करता है

(d) व्यापार करने के स्वातंत्र्य का मूल अधिकार, राज्य को उसे सीमित करने के लिए कार्यपालिका उपायों को अपनाने से प्रतिषिद्ध करता है

84. निम्नलिखित कथनों में से कौन-सा एक सही है?

(a) भारत के संविधान के अनुच्छेद 31A के अधीन किसी राज्य के विधानमंडल द्वारा बनाई गई विधि के लिए राष्ट्रपति की अनुमति की अपेक्षा नहीं है

(b) भारत के संविधान की नवीं अनुसूची में अन्तर्विष्ट अधिनियम न्यायालय की समीक्षा से पूर्णतः उन्मुक्त नहीं हैं

(c) राज्य की नीति के निदेशक तत्त्वों को प्रभावी बनाने के लिए उपयुक्त विधान-मंडल द्वारा बनाई गई विधि को मूल अधिकारों के उल्लंघन के आधार पर चुनौती नहीं दी जा सकती

(d) मूल अधिकारों को केवल उच्चतम न्यायालय और उच्च न्यायालयों द्वारा ही प्रवर्तित किया जा सकता है, किसी अन्य अधिकरण द्वारा नहीं

85. Which of the statements are correct?

Every citizen is under a fundamental duty to

1. sing National Anthem
2. render national service when required
3. renounce practices derogatory to women
4. develop humanism and abjure violence

Select the correct answer using the code given below.

*(a)* 3 and 4 only

*(b)* 2 and 4 only

*(c)* 1, 2 and 3

*(d)* 2, 3 and 4

86. The Committee on Public Accounts **cannot** call for evidence of

*(a)* Representatives of the Ministries

*(b)* Ministers

*(c)* NGOs

*(d)* Experts

87. The relative precedence of the Private Members' Bill in a particular category is determined by

*(a)* the Speaker

*(b)* the Deputy Speaker

*(c)* the Committee on Private Members' Bill

*(d)* ballot

88. Which of the following statements is **not** correct?

*(a)* The Prime Minister may call for papers from any Department

*(b)* The Finance Minister may call for papers from any Department in which financial consideration is involved

*(c)* The Law Minister may call for status report from the Chief Justice of India on any allegation against a sitting Judge of that Court

*(d)* Any Minister may ask to see papers in any other Department if they are related to, or required for, consideration of any case before him

**85.** निम्नलिखित कथनों में से कौन-से सही हैं?

प्रत्येक नागरिक मूल कर्तव्य के अधीन है

1. राष्ट्रगान गाने के लिए
2. आवश्यकता पड़ने पर राष्ट्रीय सेवा देने के लिए
3. महिलाओं के प्रति असम्मानजनक प्रथाओं का परित्याग करने के लिए
4. मानवतावाद विकसित करने और हिंसा का त्याग करने के लिए

नीचे दिए गए कूट का प्रयोग कर सही उत्तर चुनिए।

*(a)* केवल 3 और 4

*(b)* केवल 2 और 4

*(c)* 1, 2 और 3

*(d)* 2, 3 और 4

**86.** लोक-लेखा समिति किसका साक्ष्य नहीं माँग सकती?

*(a)* मंत्रालयों के प्रतिनिधि

*(b)* मंत्री

*(c)* गैर-सरकारी संगठन

*(d)* विशेषज्ञ

**87.** गैर-सरकारी सदस्यों के विधेयक की किसी विशिष्ट प्रवर्ग में सापेक्ष पूर्ववर्तिता किसके द्वारा निर्धारित की जाती है?

*(a)* लोक सभा अध्यक्ष

*(b)* लोक सभा उपाध्यक्ष

*(c)* गैर-सरकारी सदस्यों के विधेयक की समिति

*(d)* मतपत्र

**88.** निम्नलिखित कथनों में से कौन-सा एक सही नहीं है?

*(a)* प्रधानमंत्री किसी भी विभाग से कागज-पत्र मँगा सकता है

*(b)* वित्त मंत्री किसी भी विभाग से वे कागज-पत्र मँगा सकता है जिनमें वित्तीय विचार शामिल हो

*(c)* विधि मंत्री भारत के मुख्य न्यायमूर्ति से उस न्यायालय के किसी कार्यरत न्यायाधीश के विरुद्ध आरोप पर स्थिति रिपोर्ट मँगा सकता है

*(d)* कोई भी मंत्री किसी भी अन्य विभाग से कागज-पत्र देखने का अनुरोध कर सकता है यदि वे उसके समक्ष विचाराधीन किसी मामले से सम्बन्धित हैं या विचारार्थ अपेक्षित हैं

**89.** Which of the following is **not** a Standing Committee of the Cabinet?

*(a)* The Committee on Scientific Education

*(b)* The Committee on Accommodation

*(c)* The Committee on Skill Development

*(d)* The Committee on Parliamentary Affairs

**90.** Rashtriya Uchchatar Shiksha Abhiyan (RUSA) is a centrally sponsored scheme, which aims at providing strategic funding to State public universities and colleges through the

*(a)* University Grants Commission

*(b)* All India Council of Technical Education

*(c)* State Government

*(d)* Central Project Appraisal Board

**91.** Jan Dhan Yojana is a recently launched banking scheme for financial inclusion under which each account holder will get, among others

1. an overdraft facility of ₹ 5,000
2. an insurance cover of ₹ 1,00,000
3. a credit card

Which of the above is/are correct?

*(a)* 1 and 2 only

*(b)* 2 and 3 only

*(c)* 1, 2 and 3

*(d)* 1 only

**92.** 'Antrix' is the commercial arm of the

*(a)* Department of Space

*(b)* Department of Information Technology

*(c)* Department of Atomic Energy

*(d)* Department of Electronics

89. निम्नलिखित में से कौन-सी मंत्रिमंडल की स्थायी समिति नहीं है?

(a) वैज्ञानिक शिक्षा समिति

(b) आवास समिति

(c) कौशल विकास समिति

(d) संसदीय कार्य समिति

90. राष्ट्रीय उच्चतर शिक्षा अभियान (RUSA) एक केन्द्रीय प्रायोजित योजना है, जिसका उद्देश्य राज्य के सरकारी विश्वविद्यालयों और महाविद्यालयों को निर्णायक निधीयन प्रदान करना है। इसे किसके माध्यम से किया जाएगा?

(a) विश्वविद्यालय अनुदान आयोग

(b) अखिल भारतीय तकनीकी शिक्षा परिषद्

(c) राज्य सरकार

(d) केन्द्रीय परियोजना मूल्यांकन बोर्ड

91. जन धन योजना वित्तीय समावेशन हेतु हाल में लागू की गई बैंकिंग योजना है, जिसके अन्तर्गत प्रत्येक खाताधारी, अन्य बातों के साथ-साथ

1. ₹ 5,000 की ओवरड्राफ्ट सुविधा पाएगा

2. ₹ 1,00,000 का बीमा रक्षण पाएगा

3. क्रेडिट कार्ड पाएगा

उपर्युक्त में से कौन-सा/से सही है/हैं?

(a) केवल 1 और 2

(b) केवल 2 और 3

(c) 1, 2 और 3

(d) केवल 1

92. 'अन्तरिक्ष' किसका व्यावसायिक अंग है?

(a) अन्तरिक्ष विभाग

(b) सूचना प्रौद्योगिकी विभाग

(c) परमाणु ऊर्जा विभाग

(d) इलेक्ट्रॉनिकी विभाग

93. The Street Vendor Act (2014) which received assent of the President on May 1, 2014 seeks to protect livelihood of about one crore street vendors by ensuring

1. protection of legitimate street vendors from harassment by police and civic authorities
2. demarcation of 'vending zones' on the basis of 'traditional natural markets'
3. their presence in deliberative processes of municipalities

Select the correct answer using the code given below.

*(a)* 1 and 2 only

*(b)* 3 only

*(c)* 1 and 3 only

*(d)* 1, 2 and 3

94. Integrated Low Cost Sanitation Scheme aims at conversion of dry latrines into

*(a)* pour flush latrines

*(b)* cistern flush latrines

*(c)* vacuum flush latrines

*(d)* pit latrines

95. Under Panchayat Extension to Scheduled Areas (PESA), a State legislation on the Panchayats in a Scheduled Area ***may not*** be in consonance with the

*(a)* customary law

*(b)* social and religious practices

*(c)* traditional management practices of community resources

*(d)* political ideology

96. Which one of the following statements is ***incorrect***?

*(a)* The power of the Governor to grant pardon is equal to the power of the President

*(b)* The power of High Courts to issue writs under Article 226 of the Constitution of India is wider than the power of the Supreme Court under Article 32

*(c)* The executive power of the Governor is wider than the executive power of the President

*(d)* The exercise of power by High Courts is always subject to the powers of the Supreme Court

93. स्ट्रीट वेंडर ऐक्ट (2014), जिसे 1 मई, 2014 को राष्ट्रपति की अनुमति मिली, लगभग एक करोड़ सड़क फेरीवालों की आजीविका का संरक्षण करने का प्रयास यह सुनिश्चित करते हुए करता है कि

1. वैध सड़क फेरीवालों का पुलिस एवं नगर प्राधिकरणों के उत्पीड़न से संरक्षण हो
2. 'परम्परागत स्वाभाविक बाजारों' के आधार पर 'क्रय-विक्रय क्षेत्रों' का सीमांकन हो
3. नगरपालिकाओं की विमर्शी प्रक्रियाओं में उनकी उपस्थिति हो

नीचे दिए गए कूट का प्रयोग कर सही उत्तर चुनिए।

(a) केवल 1 और 2

(b) केवल 3

(c) केवल 1 और 3

(d) 1, 2 और 3

94. एकीकृत न्यून लागत स्वच्छता स्कीम का उद्देश्य शुष्क शौचालयों को किनमें परिवर्तित करना है?

(a) जलप्लावित फ्लश शौचालय

(b) कुंड फ्लश शौचालय

(c) निर्वात फ्लश शौचालय

(d) गड्ढा शौचालय

95. अनुसूचित क्षेत्रों में पंचायत विस्तार (PESA) के अन्तर्गत, किसी अनुसूचित क्षेत्र में पंचायतों पर राज्य विधान का किसके सामंजस्य में होना आवश्यक नहीं है?

(a) रूढ़िजन्य विधि

(b) सामाजिक प्रथा और धार्मिक प्रथा

(c) सामुदायिक संसाधनों की परम्परागत प्रबन्धन प्रक्रिया

(d) राजनीतिक विचारधारा

96. निम्नलिखित कथनों में से कौन-सा एक गलत है?

(a) राज्यपाल की क्षमा प्रदान करने की शक्ति राष्ट्रपति की शक्ति के बराबर है

(b) भारत के संविधान के अनुच्छेद 226 के अधीन उच्च न्यायालयों की रिट जारी करने की शक्ति, अनुच्छेद 32 के अधीन उच्चतम न्यायालय की शक्ति से अधिक विस्तृत है

(c) राज्यपाल की कार्यकारिणी शक्ति, राष्ट्रपति की कार्यकारिणी शक्ति से अधिक विस्तृत है

(d) उच्च न्यायालयों द्वारा प्रयोग की गई शक्ति सदैव उच्चतम न्यायालय की शक्तियों के अधीन है

97. Which one of the following qualifications is **not** necessary to become qualified to be a member of Council of States?

(a) He/She is a citizen of India

(b) He/She is not less than 30 years of age

(c) He/She is a voter

(d) He/She is a resident of the area from which he/she is seeking election

98. In which one of the following cases, the seat of a member of the Lok Sabha can be treated as vacant?

(a) The member of the Lok Sabha is also the Chairperson of the National Commission for Women

(b) Without any intimation to the Speaker, the member remained absent from 62 meetings of the Lok Sabha which included 5 days during which the House was adjourned

(c) The Lok Sabha member was a discharged insolvent

(d) The Lok Sabha member elected as an independent candidate joins a political party

99. Which one of the following statements is correct?

(a) The President can promulgate an Ordinance whenever the Council of Ministers advises him to do so

(b) An Ordinance promulgated by the President of India may curtail any of the fundamental rights

(c) An Ordinance remains valid till the Council of Ministers decides

(d) An Ordinance can be promulgated to transfer an entry from the State List to the Concurrent List

100. Procedure for removal is the same in respect of which of the following persons?

1. The Comptroller and Auditor General of India
2. A Judge of High Court
3. The Chairman of the Union Public Service Commission
4. The Attorney General of India

Select the correct answer using the code given below.

(a) 1, 2 and 3

(b) 2, 3 and 4

(c) 1 and 2 only

(d) 1 and 4

97. निम्नलिखित अर्हताओं में से कौन-सी एक राज्य सभा का सदस्य बनने के लिए अर्ह होने के लिए आवश्यक नहीं है?

*(a)* वह भारत का नागरिक हो

*(b)* उसकी आयु 30 वर्ष से कम न हो

*(c)* वह मतदाता हो

*(d)* वह उस क्षेत्र का निवासी हो, जहाँ से वह निर्वाचित होना चाहता/चाहती है

98. निम्नलिखित मामलों में से किस एक में लोक सभा के किसी सदस्य के स्थान को रिक्त माना जा सकता है?

*(a)* लोक सभा का वह सदस्य राष्ट्रीय महिला आयोग का अध्यक्ष भी है

*(b)* बिना अध्यक्ष को सूचित किए वह सदस्य लोक सभा की 62 बैठकों में अनुपस्थित रहा हो जिसमें वे 5 दिन शामिल थे जब सदन स्थगित रहा था

*(c)* वह लोक सभा सदस्य उन्मुक्त दिवालिया था

*(d)* स्वतंत्र प्रत्याशी की तरह जीता हुआ वह लोक सभा सदस्य किसी राजनैतिक दल का सदस्य बन जाए

99. निम्नलिखित कथनों में से कौन-सा एक सही है?

*(a)* राष्ट्रपति अध्यादेश प्रख्यापित कर सकता है जब भी मंत्रिपरिषद् उसे ऐसा करने की सलाह देती है

*(b)* भारत के राष्ट्रपति द्वारा प्रख्यापित कोई अध्यादेश किसी भी मूल अधिकार को सीमित कर सकता है

*(c)* अध्यादेश मंत्रिपरिषद् का निर्णय होने तक वैध रहता है

*(d)* राज्य सूची से समवर्ती सूची में कोई प्रविष्टि अन्तरित करने के लिए अध्यादेश प्रख्यापित किया जा सकता है

100. निम्नलिखित व्यक्तियों में से किनके विषय में हटाए जाने की प्रक्रिया समान है?

1. भारत का नियंत्रक-महालेखा परीक्षक
2. उच्च न्यायालय का कोई न्यायाधीश
3. संघ लोक सेवा आयोग का अध्यक्ष
4. भारत का महान्यायवादी

नीचे दिए गए कूट का प्रयोग कर सही उत्तर चुनिए।

*(a)* 1, 2 और 3

*(b)* 2, 3 और 4

*(c)* केवल 1 और 2

*(d)* 1 और 4

**101.** The Constitution of India **does not** contain any provision with regard to cooperative societies in respect of which one of the following cases?

*(a)* Prescribing the minimum number of Directors of a cooperative society

*(b)* Supersession of the Board

*(c)* Right of a member of a cooperative society to get information in respect of a cooperative society

*(d)* Multi-State cooperative society

**102.** Consider the following statements about the Committee on Estimates :

1. Members of the Committee are drawn from both the Lok Sabha and the Rajya Sabha.
2. The maximum number of members of the Committee is 30.
3. The members are nominated by the Speaker and the Chairman.

Which of the statements given above is/are correct?

*(a)* 1, 2 and 3

*(b)* 2 and 3 only

*(c)* 2 only

*(d)* 1 and 3 only

**103.** In the event of grave disorder occasioned by a member coming to the well of the House or abusing the Rules of the House persistently and willfully obstructing its business, such member shall, on being named by the Speaker, stand automatically suspended from the service of the House for

*(a)* ten consecutive sittings

*(b)* the day

*(c)* two weeks or the remainder of the session whichever is less

*(d)* five consecutive sittings or the remainder of the session whichever is less

**104.** The quorum required to constitute the sittings of a Parliamentary Committee is

*(a)* one-half of the total membership

*(b)* one-third of the total membership

*(c)* one-fourth of the total membership

*(d)* ~~two-third of the total~~ membership

**105.** Which of the following matters is **not** required to be brought before the Cabinet Committee on Security for consideration?

*(a)* Issues relating to law and order and internal security

*(b)* Economic and political issues impinging on national security

*(c)* Matters relating to atomic energy

*(d)* Appointment of Defence Attachés to SAARC countries

**101.** सहकारी समितियों के विषय में निम्नलिखित मामलों में से किस एक के बारे में भारत के संविधान में कोई उपबन्ध नहीं है?

*(a)* सहकारी समिति के निदेशकों की न्यूनतम संख्या निर्धारित करना

*(b)* बोर्ड का अतिक्रमण

*(c)* किसी सहकारी समिति के विषय में सूचना प्राप्त करने का सहकारी समिति के किसी सदस्य का अधिकार

*(d)* बहु-राज्य सहकारी समिति

**102.** प्राक्कलन समिति के बारे में निम्नलिखित कथनों पर विचार कीजिए :

1. समिति के सदस्य लोक सभा तथा राज्य सभा दोनों से लिए जाते हैं।
2. समिति के सदस्यों की अधिकतम संख्या 30 होती है।
3. सदस्यों को लोक सभा का अध्यक्ष और राज्य सभा का सभापति नामनिर्देशित करता है।

उपर्युक्त कथनों में से कौन-सा/से सही है/हैं?

*(a)* 1, 2 और 3

*(b)* केवल 2 और 3

*(c)* केवल 2

*(d)* केवल 1 और 3

**103.** गम्भीर अव्यवस्था की स्थिति में, जो किसी सदस्य के सदन के बीच आ जाने से अथवा सदन के नियमों का बार-बार दुरुपयोग करने से तथा सदन के कार्य में जान-बूझकर बाधा डालने से उत्पन्न होती है, ऐसा सदस्य, लोक सभा के अध्यक्ष द्वारा नाम लिए जाने पर, सदन की सेवा से किस समय तक के लिए स्वतःनिलम्बित माना जाएगा?

*(a)* दस लगातार बैठकों के लिए

*(b)* उस दिन के लिए

*(c)* दो सप्ताह अथवा सत्र के शेष समय के लिए, जो भी कम हो

*(d)* पाँच लगातार बैठकों अथवा सत्र के शेष समय के लिए, जो भी कम हो

**104.** किसी संसदीय समिति की बैठक के लिए आवश्यक गणपूर्ति क्या है?

*(a)* कुल सदस्य संख्या का आधा

*(b)* कुल सदस्य संख्या का एक-तिहाई

*(c)* कुल सदस्य संख्या का एक-चौथाई

*(d)* कुल सदस्य संख्या का दो-तिहाई

**105.** निम्नलिखित विषयों में से किसे सुरक्षा विषयक मंत्रिमंडल समिति के समक्ष विचार हेतु लाना आवश्यक नहीं है?

*(a)* कानून और व्यवस्था तथा आन्तरिक सुरक्षा से सम्बन्धित मुद्दे

*(b)* राष्ट्रीय सुरक्षा से टकराने वाले आर्थिक और राजनीतिक मुद्दे

*(c)* परमाणु ऊर्जा से सम्बन्धित मामले

*(d)* SAARC देशों में रक्षा अताशे की नियुक्ति

**106.** The Ministry of Culture wants to sign cultural agreement with a number of countries for exchange of musicians. Which of the following actions it needs to take?

*(a)* Seek prior approval of the Cabinet

*(b)* Bring the proposal before the Parliament

*(c)* Bring the matter before the Cabinet for information

*(d)* Seek the approval of the Ministry of External Affairs

**107.** In which one among the following cases, the Cabinet approval is **not** required?

*(a)* To summon and prorogue the Houses of the Parliament

*(b)* To dissolve the House of the People

*(c)* To create an institution of national importance

*(d)* To withdraw prosecution, instituted by the Government of India, in accordance with the competent legal advice

**108.** National Disaster Response Force acts under the

*(a)* Ministry of Defence

*(b)* Ministry of Urban Development

*(c)* Ministry of Home Affairs

*(d)* PMO

**109.** Which one of the following is **not** under the Ministry of Information and Broadcasting?

*(a)* Broadcast Engineers Consultants (India) Limited

*(b)* Indian Institute of Mass Communication

*(c)* Publications Division

*(d)* National School of Drama

**110.** Consider the following statements about Kaushik Basu :

1. He was recently appointed as the President-elect of the International Economic Association.
2. He became the first Indian to head the institution.

Which of the statements given above is/are correct?

*(a)* 1 only

*(b)* 2 only

*(c)* Both 1 and 2

*(d)* Neither 1 nor 2

**106.** संस्कृति मंत्रालय, संगीतकारों के आदान-प्रदान के लिए अन्यान्य देशों से सांस्कृतिक अनुबंध करना चाहता है। उसे निम्नलिखित में से कौन-सी कार्रवाई करनी आवश्यक है?

*(a)* मंत्रिमंडल की पूर्व स्वीकृति माँगना

*(b)* संसद के सम्मुख प्रस्ताव लाना

*(c)* मंत्रिमंडल के सामने सूचना हेतु विषय लाना

*(d)* विदेश मंत्रालय की स्वीकृति माँगना

**107.** निम्नलिखित मामलों में से किस एक में मंत्रिमंडल के अनुमोदन की आवश्यकता नहीं है?

*(a)* संसद के सदनों को आहूत और उनका अवसान करने हेतु

*(b)* लोक सभा का विघटन करने हेतु

*(c)* राष्ट्रीय महत्त्व के किसी संस्थान के सृजन हेतु

*(d)* भारत सरकार द्वारा संस्थित अभियोजन को सक्षम विधि परामर्श के अनुसार वापस लेने हेतु

**108.** राष्ट्रीय आपदा अनुक्रिया बल किसके अधीन काम करता है?

*(a)* रक्षा मंत्रालय

*(b)* शहरी विकास मंत्रालय

*(c)* गृह मंत्रालय

*(d)* प्रधानमंत्री कार्यालय

**109.** निम्नलिखित में से कौन-सा सूचना एवं प्रसारण मंत्रालय के अधीन नहीं है?

*(a)* ब्रॉडकास्ट इंजीनियर्स कंसल्टेंट्स (इन्डिया) लिमिटेड

*(b)* भारतीय जन संचार संस्थान

*(c)* प्रकाशन विभाग

*(d)* राष्ट्रीय नाट्य विद्यालय

**110.** कौशिक बसु के बारे में निम्नलिखित कथनों पर विचार कीजिए :

1. वे हाल ही में अन्तर्राष्ट्रीय आर्थिक संघ के अध्यक्ष-निर्वाचित (प्रेसीडेंट-इलेक्ट) के रूप में नियुक्त हुए थे।
2. वे इस संस्था की अध्यक्षता करने वाले पहले भारतीय बने।

उपर्युक्त कथनों में से कौन-सा/से सही है/हैं?

*(a)* केवल 1

*(b)* केवल 2

*(c)* 1 और 2 दोनों

*(d)* न तो 1 और न ही 2

111. Rural Self-Employment Training Institute, to be set up one in each district, for basic and skill development training of rural BPL youth would be managed and run by

*(a)* State Governments

*(b)* District Rural Development Agencies

*(c)* Municipalities

*(d)* Commercial Banks

112. National Rural Livelihood Mission is restructured from Swarnajayanti Gram Swarozgar Yojana, but is now known as

*(a)* Aajeevika

*(b)* Jeevika

*(c)* Jijivisha

*(d)* Jeeveshna

113. Under MGNREGA, the division of funds between the Centre and the State is

*(a)* 60 : 40

*(b)* 70 : 30

*(c)* 80 : 20

*(d)* 90 : 10

114. National Ganga River Basin Authority has decided under its Mission Clean Ganga that no

*(a)* dead bodies are cremated near Ganga

*(b)* fertilizer residues from nearby fields get run off to Ganga

*(c)* municipal wastage is dumped into Ganga

*(d)* untreated municipal wastage and industrial effluents flow into Ganga

115. Which of the following statements about 'Burrakatha' is/are correct?

1. It is an oral storytelling technique in the Katha tradition.
2. It is mostly found in Eastern India.

Select the correct answer using the code given below.

*(a)* 1 only

*(b)* 2 only

*(c)* Both 1 and 2

*(d)* Neither 1 nor 2

**111.** गरीबी रेखा से नीचे की श्रेणी में आने वाले ग्रामीण युवकों की बुनियादी और कौशल विकास प्रशिक्षण के लिए प्रत्येक जिले में एक स्थापित होने वाले ग्रामीण स्वरोजगार प्रशिक्षण संस्थान का कौन प्रबन्ध करेगा और उसे कौन चलाएगा?

*(a)* राज्य सरकार

*(b)* जिला ग्रामीण विकास अभिकरण

*(c)* नगरपालिका

*(d)* वाणिज्यिक बैंक

**112.** राष्ट्रीय ग्रामीण आजीविका मिशन, स्वर्णजयन्ती ग्राम स्वरोजगार योजना की पुनर्संरचना है। वह अब क्या कहलाता है?

*(a)* आजीविका

*(b)* जीविका

*(c)* जिजीविषा

*(d)* जीवेष्णा

**113.** MGNREGA के अधीन, केन्द्र और राज्य के बीच निधि का विभाजन किस अनुपात में है?

*(a)* 60 : 40

*(b)* 70 : 30

*(c)* 80 : 20

*(d)* 90 : 10

**114.** राष्ट्रीय गंगा नदी द्रोणी प्राधिकरण ने अपने मिशन स्वच्छ गंगा के अधीन विनिश्चित किया है कि

*(a)* गंगा के समीप मृत शरीरों का दाह-संस्कार नहीं किया जाए

*(b)* धान के खेतों से उर्वरक के अवशेषों को गंगा तक न बहने दें

*(c)* नगर निगम के अपशेष गंगा में न फेंक दिए जाएँ

*(d)* नगर निगम के असंसाधित अपशेष और औद्योगिक बहिःस्राव को गंगा में न बहाया जाए

**115.** निम्नलिखित में से कौन-सा/से कथन 'बड़ाकथा' के सन्दर्भ में सही है/हैं?

1. यह कथा-परम्परा में मौखिक कहानी सुनाने की एक तकनीक है।
2. यह अधिकतर पूर्वी भारत में प्रचलित है।

नीचे दिए गए कूट का प्रयोग कर सही उत्तर चुनिए।

*(a)* केवल 1

*(b)* केवल 2

*(c)* 1 और 2 दोनों

*(d)* न तो 1 और न ही 2

**116.** Consider the following statements about Comprehensive Sustainable Tourism Criteria for India (STCI) :

1. These criteria are to be compulsorily implemented by all the stakeholders in tourism industry.
2. The main objective of these criteria is to minimize carbon footprints.

Which of the statements given above is/are correct?

*(a)* 1 only

*(b)* 2 only

*(c)* Both 1 and 2

*(d)* Neither 1 nor 2

**117.** What is the monthly wage ceiling for becoming a subscriber of Employees' Provident Fund Organization?

*(a)* ₹ 5,000

*(b)* ₹ 6,500

*(c)* ₹ 10,500

*(d)* ₹ 15,000

**118.** Who among the following is the author of the book, *The Rise and Growth of Economic Nationalism in India*?

*(a)* William Dalrymple

*(b)* Amartya Sen

*(c)* Bipan Chandra

*(d)* R. C. Majumdar

**119.** A law made by the Legislature of a State ***cannot*** empower a municipality to exercise powers in relation to which of the following matters?

*(a)* Regulation of land-use

*(b)* Urban poverty alleviation

*(c)* Public distribution system

*(d)* Fire services

**120.** The Union Executive can issue directions to a State in respect of which one of the following matters?

*(a)* To ensure that minorities are duly protected against violence

*(b)* To expedite quick disposal of criminal cases pending against politicians

*(c)* To observe, during the course of operation of financial emergency, such canons of financial propriety as may be specified in the directions

*(d)* To ensure cleanliness of inter-State rivers

**116.** भारत के लिए व्यापक धारणीय पर्यटन मानदण्डों (STCI) के बारे में निम्नलिखित कथनों पर विचार कीजिए :

1. इन मानदण्डों को पर्यटन उद्योगों में सभी पणधारियों के द्वारा अनिवार्यतः कार्यान्वित किया जाना है।
2. इन मानदण्डों का मुख्य उद्देश्य कार्बन फुटप्रिन्टों को न्यूनतम करना है।

उपर्युक्त में से कौन-सा/से कथन सही है/हैं?

*(a)* केवल 1

*(b)* केवल 2

*(c)* 1 और 2 दोनों

*(d)* न तो 1 और न ही 2

**117.** कर्मचारी भविष्य निधि संगठन का उपभोक्ता बनने के लिए मासिक वेतन सीमा क्या है?

*(a)* ₹ 5,000

*(b)* ₹ 6,500

*(c)* ₹ 10,500

*(d)* ₹ 15,000

**118.** इनमें से कौन 'द राइज़ एन्ड ग्रोथ ऑफ इकोनॉमिक नेशनलिज़्म इन इन्डिया' पुस्तक का लेखक है?

*(a)* विलियम डालरिम्पल

*(b)* अमर्त्य सेन

*(c)* बिपान चन्द्र

*(d)* आर० सी० मजूमदार

**119.** किसी राज्य के विधानमंडल द्वारा बनाई गई विधि निम्नलिखित में से किस विषय पर अधिकारों का प्रयोग करने के लिए नगरपालिका को सशक्त नहीं कर सकती?

*(a)* भूमि-उपयोग का विनियमन

*(b)* शहरी निर्धनता उन्मूलन

*(c)* सार्वजनिक वितरण प्रणाली

*(d)* अग्निशमन सेवाएँ

**120.** संघ कार्यपालिका निम्नलिखित में से किस एक मामले के बारे में राज्य को निदेश जारी कर सकती है?

*(a)* अल्पसंख्यकों की हिंसा से सम्यक् रूप से सुरक्षा सुनिश्चित करने के लिए

*(b)* राजनीतिज्ञों के खिलाफ लम्बित आपराधिक मामलों को शीघ्र निपटाने के लिए

*(c)* वित्तीय आपात के प्रवर्तन की अवधि के दौरान वित्तीय औचित्य के, निदेशों में यथाविनिर्दिष्ट, सिद्धान्तों का पालन करने के लिए

*(d)* अन्तर-राज्य नदियों की सफाई को सुनिश्चित करने के लिए

**SPACE FOR ROUGH WORK**

**SPACE FOR ROUGH WORK**

**SPACE FOR ROUGH WORK**

**SPACE FOR ROUGH WORK**

* * *

**जब तक आपको यह परीक्षण पुस्तिका खोलने को न कहा जाए तब तक न खोलें**

**टी.बी.सी. : B–UQ/RV–N–A** | **परीक्षण पुस्तिका अनुक्रम**

**क्रम संख्या**

0757

# परीक्षण पुस्तिका

**A**

**प्रश्न-पत्र—I**

**समय : दो घण्टे** | **पूर्णांक : 150**

## अ नु दे श

1. परीक्षा प्रारम्भ होने के तुरन्त बाद, आप इस परीक्षण पुस्तिका की पड़ताल अवश्य कर लें कि इसमें कोई बिना छपा, फटा या छूटा हुआ पृष्ठ अथवा प्रश्नांश आदि न हो। यदि ऐसा है, तो इसे सही परीक्षण पुस्तिका से बदल लें।
2. कृपया ध्यान रखें कि **OMR** उत्तर-पत्रक में, उचित स्थान पर, रोल नम्बर और परीक्षण पुस्तिका अनुक्रम **A**, **B**, **C** या **D** को, ध्यान से एवं बिना किसी चूक या विसंगति के भरने और कूटबद्ध करने की जिम्मेदारी उम्मीदवार की है। किसी भी प्रकार की चूक/विसंगति की स्थिति में उत्तर-पत्रक निरस्त कर दिया जाएगा।
3. इस परीक्षण पुस्तिका पर साथ में दिए गए कोष्ठक में आपको अपना अनुक्रमांक लिखना है। परीक्षण पुस्तिका पर और कुछ न लिखें।
4. इस परीक्षण पुस्तिका में **120** प्रश्नांश (प्रश्न) दिए गए हैं। प्रत्येक प्रश्नांश हिन्दी और अंग्रेजी में छपा है। प्रत्येक प्रश्नांश में चार प्रत्युत्तर (उत्तर) दिए गए हैं। इनमें से एक प्रत्युत्तर को चुन लें, जिसे आप उत्तर-पत्रक पर अंकित करना चाहते हैं। यदि आपको ऐसा लगे कि एक से अधिक प्रत्युत्तर सही हैं, तो उस प्रत्युत्तर को अंकित करें जो आपको सर्वोत्तम लगे। प्रत्येक प्रश्नांश के लिए केवल एक ही प्रत्युत्तर चुनना है।
5. आपको अपने सभी प्रत्युत्तर अलग से दिए गए उत्तर-पत्रक पर ही अंकित करने हैं। उत्तर-पत्रक में दिए गए निर्देश देखें।
6. सभी प्रश्नांशों के अंक समान हैं।
7. इससे पहले कि आप परीक्षण पुस्तिका के विभिन्न प्रश्नांशों के प्रत्युत्तर उत्तर-पत्रक पर अंकित करना शुरू करें, आपको प्रवेश प्रमाण-पत्र के साथ प्रेषित अनुदेशों के अनुसार कुछ विवरण उत्तर-पत्रक में देने हैं।
8. आप अपने सभी प्रत्युत्तरों को उत्तर-पत्रक में भरने के बाद तथा परीक्षा के समापन पर केवल उत्तर-पत्रक अधीक्षक को सौंप दें। आपको अपने साथ परीक्षण पुस्तिका ले जाने की अनुमति है।
9. कच्चे काम के लिए पत्रक परीक्षण पुस्तिका के अन्त में संलग्न हैं।
10. गलत उत्तरों के लिए दण्ड :

    वस्तुनिष्ठ प्रश्न-पत्रों में उम्मीदवार द्वारा दिए गए गलत उत्तरों के लिए दण्ड दिया जाएगा।

    (i) प्रत्येक प्रश्न के लिए चार वैकल्पिक उत्तर हैं। उम्मीदवार द्वारा प्रत्येक प्रश्न के लिए दिए गए एक गलत उत्तर के लिए प्रश्न हेतु नियत किए गए अंकों का एक-तिहाई दण्ड के रूप में काटा जाएगा।

    (ii) यदि कोई उम्मीदवार एक से अधिक उत्तर देता है, तो इसे गलत उत्तर माना जाएगा, यद्यपि दिए गए उत्तरों में से एक उत्तर सही होता है, फिर भी उस प्रश्न के लिए उपर्युक्तानुसार ही उसी तरह का दण्ड दिया जाएगा।

    (iii) यदि उम्मीदवार द्वारा कोई प्रश्न हल नहीं किया जाता है, अर्थात् उम्मीदवार द्वारा उत्तर नहीं दिया जाता है, तो उस प्रश्न के लिए कोई दण्ड नहीं दिया जाएगा।

**जब तक आपको यह परीक्षण पुस्तिका खोलने को न कहा जाए तब तक न खोलें**

*Note* : English version of the instructions is printed on the front cover of this Booklet.